सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
शुक्रवार, 03 मार्च 2023
वर्ष-3-अंक 87
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक
# अमर ख्याल
जुनून सच का
(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



खास खबर

## क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत शुक्रवार को क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा जिसमें क्षेत्र में चीन के बढ़ते आक्रामक रवैए की पृष्ठभूमि में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समग्र हालात पर चर्चा की जा सकती है। बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग की सहभागिता रहेगी। विदेश मंत्रालय ने कहा, क्वाड के विदेश मंत्रियों की अगली बैठक की मेजबानी भारत तीन मार्च को नई दिल्ली में करेगा। उसने कहा कि इस बैठक में मंत्रियों के लिए सितंबर 2022 में न्यूयॉर्क में उनकी पिछली बैठक में हुई बातचीत को जारी रखने का अवसर मिलेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा, वे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम पर और आपसी हित के क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे जो एक खुले, स्वतंत्र और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के उनके दृष्टिकोण पर आधारित होगा।

## जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में संयुक्त विज्ञप्ति जारी करने पर सहमति नहीं बनी

**नई दिल्ली।** जी-20 के विदेश मंत्रियों की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में यूक्रेन संघर्ष को लेकर पश्चिमी देशों और रूस के बीच तीखे मतभेदों के कारण संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जा सका जबकि मेजबान देश भारत ने आम-सहमति बनाने के लिए सतत प्रयास किए। भारत की अध्यक्षता में हुई बैठक में अध्यक्षता सारांश और परिणाम दस्तावेज स्वीकार किए गए जिनमें समूह की कई अहम प्राथमिकताएं सूचीबद्ध हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यूक्रेन संघर्ष को लेकर मतभेद थे और इस वजह से बैठक में संयुक्त विज्ञप्ति पर सहमति नहीं बनी। अगर हम सभी मुद्दों पर पूरी तरह सहमति के साथ बैठकें करते तो संयुक्त बयान होता लेकिन कुछ मुद्दे थे जिन पर अलग-अलग राय थी। यूक्रेन के मुद्दे पर मतभेद थे जिन पर सुलह की स्थिति नहीं बन सकी। कई राजनयिकों ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष को लेकर अमेरिका नीत पश्चिमी

# अब चुनाव आयुक्त को पीएम, नेता विपक्ष, सीजेआई का पैनल चुनेगा

## कार्यपालिका के दख़ल से बचाने के मक़सद से ऐतिहासिक फैसला सुनाया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से बचाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी नियुक्तियां प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) की एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएंगी ताकि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता कायम रह सके। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्ईय संविधान पीठ ने अपने सर्वसम्मत फैसले में कहा कि चुनावी प्रक्रिया का लगातार हो रहा दुरुपयोग लोकतंत्र की कब्र खोदने का पुख्ता तरीका है।

पीठ ने कहा कि लोकतंत्र में, चुनाव की शुचिता को बनाए रखा जाना चाहिए, नहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। अनुच्छेद 324(2) के अनुसार, निर्वाचन आयोग में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त होते हैं। उनकी नियुक्तियां संसद द्वारा इस संबंध में बनाए गए किसी भी कानून के प्रावधानों के अधीन राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर लोकसभा में कोई नेता प्रतिपक्ष नहीं है, तो सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति संबंधी समिति में शामिल किया जाएगा। पीठ ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी प्रणाली के अनुरोध संबंधी




याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार भी शामिल हैं। पीठ ने चुनाव प्रक्रिया में शुचिता पर जोर दिया और कहा कि लोकतंत्र आंतरिक रूप से लोगों की इच्छा से जुड़ा हुआ है। संविधान पीठ के लिए न्यायमूर्ति जोसेफ की ओर से लिखे गए फैसले से न्यायमूर्ति रस्तोगी ने सहमति जताई, लेकिन उन्होंने अपने तर्क के साथ एक अलग फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि लोकतंत्र में निस्संदेह निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए और इसकी शुचिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की है।

न्यायमूर्ति जोसेफ ने फैसले के मुख्य भाग को पढ़ते हुए कहा, हम घोषणा करते हैं कि जहां तक सीईसी और ईसी के पद पर नियुक्ति का संबंध है, यह नियुक्तियां प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई की एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएंगी।

### कोर्ट ने कहा- इलेक्शन कमीशन का स्वतंत्र होना जरूरी

जस्टिस के एम जोसेफ ने कहा कि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखी जानी चाहिए। नहीं तो इसके अच्छे परिणाम नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि वोट की ताकत सुप्रीम है, इससे मजबूत से मजबूत पार्टियां भी सत्ता हार सकती हैं। इसलिए इलेक्शन कमीशन का स्वतंत्र होना जरूरी है। यह भी जरुरी है कि यह अपनी ड्यूटी संविधान के प्रावधानों के मुताबिक और कोर्ट के आदेशों के आधार पर निष्पक्ष रूप से कानून के दायरे में रहकर निभाए।

### विपक्षी दलों ने निर्वाचन आयोग पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया

**कांग्रेस** प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी ने फैसले का स्वागत करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी संस्था के प्रमुख की नियुक्ति को लेकर भी इसी प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा, सरकार के पुरजोर विरोध के बाद यह निर्णय आया है। हम इसका स्वागत करते हैं। यह निर्णय व्यापक असर रखने वाला है।

**तृणमूल कांग्रेस** के सांसद डेरेक ओब्रायन ने कहा कि बहुत ज्यादा समझौता करने वाला निर्वाचन आयोग अब अत्यंत सक्षम बन सकता है।

**आम आदमी पार्टी** के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने कहा कि इस फैसले से लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा, अब प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश यह फैसला करेंगे कि निर्वाचन आयोग में कौन बैठेगा। निर्वाचन आयोग प्रधानमंत्री की जनसभाओं, योजनाओं की घोषणाओं को ध्यान में रखकर निर्वाचन तिथियां निर्धारित करता था जिससे इस संस्था पर निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे थे। इस फैसले से लोकतंत्र मजबूत होगा।

**शिवसेना** सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि यह फैसला ऐतिहासिक है और अब चयन प्रक्रिया में बदलाव होगा।

**मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी** ने सीईसी और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया के संदर्भ में एससी की संविधान पीठ के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए सही दिशा में उठाया गया कदम है। यह निर्वाचन आयोग के स्वतंत्र प्राधिकार और कामकाज को मजबूत करने की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है।

# त्रिपुरा : भाजपा गठबंधन ने बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की



दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचकर पीएम मोदी ने संबोधित किया

**■ अगरतला**

भाजपा-आईपीएफटी गठबंधन ने 60 सदस्ईय त्रिपुरा विधानसभा में 31 सीटें जीतकर इस पूर्वोत्तर राज्य में लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी की है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के मुताबिक, भाजपा को 30 सीटें मिली हैं जबकि इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) को एक सीट पर जीत मिली है। वहीं, भाजपा दो और सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। इस बीच, निवर्तमान मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा, भाजपा की जीत अपेक्षित थी... हम इसकी व्यग्रता से प्रतीक्षा कर रहे थे। निर्णायक जनादेश के साथ हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। साहा ने टाउन बोरदोवाली सीट से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार आशीष कुमार साहा को।,257 मतों के अंतर से हराया। नगालैंड में सत्तारूढ़ एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन ने बृहस्पतिवार को 33 सीट जीतकर 60 सदस्ईय नगालैंड विधानसभा में बहुमत हासिल कर लिया।

### चुनावों में जीत का श्रेय भाजपा सरकारों के कार्यों और कार्यकर्ताओं के समर्पण को जाता है: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लगातार जीत का श्रेय बृहस्पतिवार को पार्टी की सरकारों के कार्यों, उनकी कार्य संस्कृति तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण की त्रिवेणी को दिया। त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन पर बधाई देने के लिए यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि चुनाव परिणाम देश और दुनिया के सामने भारत के लोकतंत्र तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों की आस्था को प्रदर्शित करते हैं। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के चुनाव परिणामों ने पूरी तरह साफ कर दिया है कि यह क्षेत्र न तो दिल्ली से और ना ही दिल से दूर है।

## साइबर युद्ध से निपटने के लिए रक्षा साधनों के आधुनिकीकरण की आवश्यकता: बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि साइबर युद्ध, मादक पदार्थ, हथियार, धनशोधन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए रक्षा साधनों के आधुनिकीकरण की आवश्यकता है।बिरला ने संसद परिसर में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी), नई दिल्ली के 63वें पाठ्यक्रम के सदस्यों को संबोधित किया।



लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बिरला ने कहा, साइबर युद्ध, मादक पदार्थ, हथियार, धनशोधन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए नवाचार के माध्यम से रक्षा क्षमता के आधुनिकीकरण की आवश्यकता है उनका यह भी कहना था कि सीमा पार आतंकवाद एक वैश्विक चुनौती बन गया है। बिरला ने कहा कि मजबूत भारत के लिए एक मजबूत सेना बनाने के लिए हमने पिछले कुछ वर्षों के दौरान अपने रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल करते हुए एक मजबूत सैन्य नींव रखी है।

## सरकार का प्रयास है कि लघु हथियारों के क्षेत्र में अडाणी समूह का राज हो: कांग्रेस

**■ नई दिल्ली**

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अडाणी समूह की पूरी मदद कर रही है ताकि वह लघु हथियारों के क्षेत्र में एकछत्र राज स्थापित कर सके। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कांग्रेस की हम अडाणी के हैं कौन प्रश्न श्रृंखला के तहत पिछले कई दिनों की तरह आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कुछ सवाल किए। रमेश ने कहा, 2018 में भारतीय सेना ने उपयोग के लिए पुरानी हो चुकी सबमशीन गन को बदलने के लिए संयुक्त अरब अमीरात स्थित काराकल इंटरनेशनल द्वारा निर्मित सीएआर 816 क्लोज क्वार्टर बैटल (सीक्यूबी) कार्बाइन का चयन किया।

उन्होंने दावा किया, 10 फरवरी 2021 को सेना ने एक बार फिर इसी मात्रा में कार्बाइन खरीदने का अनुरोध पत्र अडाणी डिफेंस सहित अन्य वेंडरों को जारी किया।

## बिहार के बाद ओडिशा में भी ओबीसी सर्वेक्षण होगा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में ओबीसी को उचित सुविधाओं से वंचित किए जाने के आरोपों के बीच राज्य सरकार ने उनकी गणना के लिए एक सर्वेक्षण कराने का फैसला किया है। सर्वेक्षण की प्रक्रिया 12 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी।ओडिशा पिछड़े वर्ग के लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर डेटा एकत्र करने वाला बिहार के बाद दूसरा भारतीय राज्य होगा। विपक्षी दल चुनाव से पहले उठाए गए इस कदम को पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को लुभाने की बीजद की कोशिश कह रहे हैं।

## अडाणी-हिंडबनर्ग : सुप्रीम कोर्ट ने शेयर कीमतों में गिरावट की जांच के लिए समिति बनाई

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने शेयर बाजार के विभिन्न नियामकीय पहलुओं के साथ अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट की जांच के लिए बृहस्पतिवार को शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश ए एम सप्रे की अगुवाई में एक समिति के गठन का आदेश दिया। समिति को अपनी रिपोर्ट दो माह के अंदर सीलबंद लिफाफे में देनी होगी। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद से अडाणी समूह की कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 140 अरब डॉलर से अधिक घट चुका है। अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी और शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में हाल में आई भारी गिरावट के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय ने यह बड़ा कदम उठाया है। इसके साथ ही न्यायालय ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को निर्देश दिया है कि वह इस मामले में अपनी जारी जांच को दो माह में पूरा करे और स्थिति रिपोर्ट सौंपे।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि समिति इस मामले में पूरी स्थिति का आकलन करेगी और



निवेशकों को जागरूक करने और शेयर बाजारों की मौजूदा नियामकीय व्यवस्था को मजबूत करने के उपाय सुझाएगी। पीठ ने केंद्र सरकार के साथ-साथ वित्तीय सांविधिक निकायों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन को समिति को जांच में पूरा सहयोग देने का निर्देश दिया है।

पीठ ने कहा कि समिति निवेशकों को जागरूक करने के उपाय सुझाएगी और यह भी जांच करेगी कि क्या अडाणी समूह या अन्य कंपनियों के मामले में प्रतिभूति बाजार के संदर्भ में नियमों के कथित उल्लंघन से निपटने में किसी तरह की नियामकीय चूक तो नहीं हुई। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने ट्वीट किया, अडाणी समूह इस फैसले का स्वागत करता है। इससे सारी चीजें साफ हो जाएंगी और सचाई की जीत होगी। समिति नियामकीय ढांचे को मजबूत करने और निवेशक हित के संरक्षण के लिए मौजूदा व्यवस्था से अनुपालन सुनिश्चित करने के कदम भी उठाएगी।

पीठ ने इस मामले में सेबी द्वारा की जा रही जांच का जिक्र करते हुए कहा कि बाजार नियामक ने खुलकर प्रतिभूति अनुबंध (नियमन) नियम, 1957 के कथित उल्लंघन का जिक्र नहीं किया है। यह नियम किसी पब्लिक लिमिटेड कंपनी में न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता के बारे में है। न्यायालय ने कहा कि इसके अलावा कई अन्य आरोप हैं जिन्हें सेबी को अपनी जांच में शामिल करना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि सेबी इस बात की भी जांच करे क्या किसी तरह का प्रतिभूति अनुबंध (नियमन) नियम का उल्लंघन हुआ है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में आम सहमति बनाने का आह्वान किया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को जी-20 देशों से वैश्विक चुनौतियों पर आम सहमति बनाने और भू-राजनीतिक तनावों पर मतभेदों के कारण समग्र सहयोग को प्रभावित नहीं होने देने का आह्वान किया।यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के संबंध में देशों के अलग-अलग रुख के बीच प्रधानमंत्री ने यह बयान दिया।जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने बुद्ध तथा महात्मा गांधी का उल्लेख किया और प्रतिनिधियों से आग्रह किया



कि वे भारत के सभ्यतागत लोकाचार से प्रेरणा लें जो विभाजित करने वाले मुद्दों की बजाय एकजुट करने वाले मुद्दों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है।दुनिया के सबसे बड़े औद्योगिक और विकासशील देशों के विदेश मंत्री बैठक में प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श करने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। कई राजनयिकों का मानना है कि यह विवादास्पद हो सकता है क्योंकि यूक्रेन संघर्ष पर अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिम और रूस-चीन के बीच बढ़ते तनाव के बीच यह बैठक हो रही है।समझा जाता है कि भारतीय पक्ष विदेश मंत्रियों की बैठक में एक संयुक्त बयान पर सहमति बनाने की बहुत कोशिश कर रहा है लेकिन पश्चिम के कई राजनयिकों ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध को लेकर पूर्व-पश्चिम के तनावग्रस्त संबंधों के कारण इसकी संभावना नहीं है।

जरा हट के... बग्गा




## कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को एटीएम में बदला पीएम मोदी क्षेत्र को मुख्यधारा में लाए

**■ नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने बृहस्पतिवार को पूर्वोत्तर राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया और कहा कि इस क्षेत्र को मुख्यधारा में लाने के प्रधानमंत्री के प्रयासों के चलते ही भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को पैसे कमाने के लिए एटीएम में तब्दील कर दिया था। त्रिपुरा और नगालैंड के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नड्डा ने पूर्वोत्तर के विकास को



प्राथमिकता देने के लिए मोदी की सराहना की और कहा कि वह एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने 50 से अधिक बार इस क्षेत्र का दौरा किया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, पूर्वोत्तर में भाजपा की सफलता प्रधानमंत्री मोदी के इसे मुख्यधारा में लाने के प्रयासों और इसके विकास के लिए नीतिगत फैसलों का परिणाम है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी ने पूर्वोत्तर को एक एटीएम में बदल दिया था। पैसा कमाओ और भ्रष्टाचार जारी रहने दो।

## पूर्व प्रधान न्यायाधीश अहमदी का निधन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश अजीज मुशब्बर अहमदी का उम्र संबंधी बीमारियों की वजह से बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। उनके परिवार के एक करीबी अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अधिवक्ता महमूद प्राचा ने कहा कि दक्षिणी दिल्ली के एक निजी अस्पताल में न्यायमूर्ति अहमदी का निधन हो गया। न्यायमूर्ति अहमदी को दिसंबर, 1988 में न्यायाधीश के रूप में उच्चतम न्यायालय में पदोन्नत किया गया था और उन्होंने 25 अक्टूबर, 1994 को प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली थी।

प्रधान न्यायाधीश के रूप में सेवा करने वाले वह तीसरे मुस्लिम न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति अहमदी 24 मार्च, 1997 को सेवानिवृत्त हुए थे।

विजय पताका

सत्तारूढ़ पार्टी के लिए विकास के मुद्दे, वैचारिक जीवंतता और स्थानीय कारक एक और जीत दिलाने में सफल रहे।

# विस चुनावों में जीत की लय बरकरार रखने में सफल हुई भाजपा

**■ नई दिल्ली**

त्रिपुरा में वाम दलों एवं कांग्रेस का पहला गठबंधन और जनजातीय सीटों पर एक प्रमुख ताकत के रूप में टिपरा मोथा का उभरना भी पूर्वोत्तर के इस राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बेदखल करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुआ। सत्तारूढ़ पार्टी के लिए विकास के मुद्दे, वैचारिक जीवंतता और स्थानीय कारक एक और जीत दिलाने में सफल रहे।पूर्वोत्तर के जिन तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, उनमें त्रिपुरा के नतीजों पर लोगों की सबसे ज्यादा नजर थी। इसकी वजह यह थी कि इसमें तीन राष्ट्रीय दलों- भाजपा, कांग्रेस और वाम दलों के लिए काफी कुछ दांव पर लगा हुआ था। कुछ विधानसभा चुनावों में हार के झटकों के बावजूद इन नतीजों ने भगवा पार्टी की जीत



की लय को बरकरार रखने के महत्व को रेखांकित किया है।

त्रिपुरा चुनाव में भूमिका निभाने वाले एक भाजपा नेता ने कहा, अगर 2018 की जीत हमारे वैचारिक और विकास के एजेंडे पर भरोसे का परिणाम थी, तो यह (आज की) जीत इसकी लोकप्रिय स्वीकार्यता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि पार्टी को 2018 में 25 साल तक वाम कुशासन के खिलाफ लोगों के गुस्से का फायदा मिला था और अब उसे केंद्र और राज्य सरकार के काम के लिए सकारात्मक जनादेश मिला है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि कई अन्य राज्यों के चुनावों की तरह भाजपा अपने व्यापक वैचारिक और विकास के मुद्दों के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रिय अपील को अपने अभियान का मुख्य विषय बनाने में सफल रही। संगठनात्मक रूप से कमजोर विपक्ष होने का भी इसे फायदा मिला।

जीत की लय भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि कर्नाटक में मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके बाद इस साल के अंत में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में भी विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।सोलह राज्यों में सत्ता में काबिज भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने नगालैंड में भी आसान जीत दर्ज की, जहां नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) उसका वरिष्ठ साझेदार है।

लेकिन मेघालय में बड़े खिलाड़ी के रूप में उभरने की भाजपा की महत्वाकांक्षा विफल हो गई, क्योंकि इस बार भी वह दो सीटों पर सिमट गई। पिछले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के दो ही उम्मीदवार जीते थे।

भाजपा नेतृत्व ने मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के नेतृत्व वाली सरकार पर देश की सबसे भ्रष्ट राज्य सरकार होने का आरोप लगाया था, लेकिन दोनों पार्टियां अब फिर से एक साथ काम करने के लिए सहमत हो सकती हैं। भाजपा संगमा के नेतृत्व वाली सरकार का हिस्सा थी, लेकिन चुनाव से पहले वह अलग हो गई थी।

## स्मारकों तथा भवनों का नाम बदलना संकीर्णता का पर्याय

सुप्रीम कोर्ट ने बर्बर विदेशी आक्रांताओं द्वारा बदले गये ऐतिहासिक नामों को फिर से बदलने के लिये एक आयोग गठन की मांग को सिरे से खारिज कर दिया। कोर्ट ने माना कि विदेशी आक्रांताओं ने अत्याचार किये, लेकिन हम इतिहास को नये सिरे से तो नहीं लिख सकते। सामाजिक समरसता के लिये सामंजस्य स्थापित करना ही होगा। कोर्ट का मानना था कि ऐसी अवधारणाओं को खारिज किया जाना चाहिए जो समाज में विभाजन को बढ़ावा देने वाली हों। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि बड़ी सोच की सनातन संस्कृति को संकीर्ण नजरिये से नहीं देखा जा सकता। इतना ही नहीं, शीर्ष अदालत ने सख्त लहजे में समय के साथ दफन विवादास्पद मुद्दों को संकीर्ण लक्ष्यों के लिये उभारने की नीयत पर भी सवाल उठाये। यह विडंबना ही है कि पिछले कुछ दशकों में वोटों की राजनीति के लिये आये दिन जिलों,सड़कों, स्टेशनों, स्टेडियमों व भवनों के नाम बदलने की परिपाटी ही चल पड़ी है। निश्चय ही इस परिप्रेक्ष्य में कोर्ट की टिप्पणी मार्गदर्शक साबित होगी। साथ ही कोर्ट ने साफ किया कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, हर व्यक्ति की समानता के लक्ष्य को पाने हेतु सत्ताधीशों की संविधान के प्रति जवाबदेही जरूरी है। दरअसल, शीर्ष अदालत में जस्टिस के.एम. जोसेफ और बी.वी. नागरत्ना की खंडपीठ ने नामकरण आयोग गठित करने की मांग करने वाले याचिकाकर्ता को आड़े हाथ लिया और कहा कि भारत आज अतीत का कैदी नहीं रह सकता। अदालत का मानना था कि शहरों, सड़कों, स्मारकों तथा भवनों का नाम बदलना संकीर्णता का पर्याय है, जिसका मकसद एक समुदाय के अस्तित्व की अवहेलना करना है। जस्टिस जोसेफ ने कहा कि भले ही मैं ईसाई हूं लेकिन मैंने हिंदू धर्मग्रंथों का अध्ययन किया है और इसमें संकीर्णता के लिये कोई स्थान नहीं है। यह सदा सहिष्णुता,विविधता व समावेशी मूल्यों का पक्षधर रहा है। जिसने भारत को दुनिया में विशिष्ट पहचान दी है। ऐसे में अतीत के मुद्दे उठाकर समाज में वैमनस्य पैदा करने की किसी भी कोशिश की न केवल न्यायपालिका द्वारा बल्कि राजनीतिक नेतृत्व द्वारा भी स्पष्ट शब्दों में निंदा की जानी चाहिए।

> *सामाजिक समरसता के लिए सामंजस्य स्थापित करना ही होगा। कोर्ट का मानना था कि ऐसी अवधारणाओं को खारिज किया जाना चाहिए जो समाज में विभाजन को बढ़ावा देने वाली हों। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि बड़ी सोच की सनातन संस्कृति को संकीर्ण नजरिये से नहीं देखा जा सकता।*

**वैदिक विचार** –स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

### राज्याधिकारी

*उपहूताः पितरः सोम्यासो बर्हिष्येषु निधिषु प्रियेषु।*
*त आ गमन्तु त इह श्रुवन्त्वधि ब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान्।* ऋ 10.15.5

मन्त्र में प्रयुक्त पितरः शब्द पितृ का बहुवचन है। पा धातु से सिद्ध होने से पितृ का अर्थ है रक्षा करनेवाला। इस व्युत्पत्ति के आधार पर, जो भी रक्षा करे वह पिता है। पिता के निम्नतः अनेक अर्थ होते हैं : 1. संतान की रक्षा करनेवाले होने से माता-पिता को पिता कहते हैं। 2. शिष्यों के रक्षक होने से गुरु वा आचार्य को पिता कहते हैं। 3. अंधकार से विश्व की रक्षा करने के कारण सूर्य तथा सूर्य की किरणें पिता हैं। 4. ओषधियों की रक्षा करने से ऋतुएं पिता हैं। 5. काल की रक्षा करने से कालावयवों (क्षण, निमेष, दिन, रात्रि, सप्ताह, मास, वर्ष) की पिता संज्ञा है। 6. शरीर का रक्षक होने से आत्मा पिता है। 7. राष्ट्र के रक्षक होने से क्षत्रिय वा सैनित पिता हैं। 8. जीवन के रक्षक होने से प्राण पिता हैं। 9. राज्य तथा समाज की व्यवस्था के रक्षक होने से राज्याधिकारी (राजा, मंत्री, सचिव, पुलिसाध्यक्ष, न्यायाधीश, राजकर्मचारी, आदि) पिता हैं। 10. रोगों से रक्षा करने से ओषधियां पिता हैं। इस प्रकार, रक्षा भाव से पिता शब्द के अनेक अर्थ होते हैं। इस मंत्र में पठित पिता शब्द राज्याधिकारियों के लिए प्रयुक्त हुआ है। पिता कैसे हों? पितरः सोम्यासः, पिता सोम्य हों। जिन पिताओं में सोम के गुण हों उन्हें सोम्यासः पितरः कहते हैं।

### मुक्ति व आश्रय

अज्ञान कल्पित कर्तव्य, भोग तत्व आदि अनात्म भाव का परित्याग करके वास्तविक स्वरूप परमात्मा में स्थित होना ही मुक्ति है और इस चराचर जगत की उत्पत्ति और प्रलय जिस तत्व से प्रकाशित होते हैं वही परब्रह्म ही आश्रय होता है। आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

डॉ. विनोद दीक्षित

**पत्र मिला**

### खतरे में जैव विविधता

जैव विविधता खतरे में है, यह कोई नई जानकारी नहीं है। लेकिन इस बारे में आने वाली हर नई जानकारी चिंता बढ़ाती है, तो इसलिए कि इसका असर मनुष्य पर भी होना तय है। पूरी दुनिया एक साझा परिवास है, जिसमें जैविक संतुलन बिगड़ने का मतलब सबके लिए खतरा बढ़ना है। अब वैज्ञानिकों ने कहा है कि जानवरों की जो प्रजातियां जंगलों में खत्म हो चुकी हैं, उनका चिड़ियाघरों में रह रहे जीवों के जरिए उबरना बेहद कठिन है। एक नए अध्ययन के बाद विशेषज्ञों ने कहा कि प्राकृतिक आवासों में जिन जानवरों की संख्या दस से कम हो चुकी है, उनकी आबादी बढ़ाने के लिए अक्सर चिड़ियाघरों से जीवों को जंगलों में छोड़ा जाता है। लेकिन इससे आबादी बढ़ना मुश्किल है। कारण यह है कि जिन कारणों से जानवरों की संख्या घटी थी, वे ज्यों के त्यों बने हुए हैं। जिन खतरों ने इन जानवरों को विलुप्ति के कगार पर पहुंचाया है, वे जंगल में दोबारा भेजे गए प्राणियों के सामने भी बने होते हैं। इनमें जैविक विविधता की कमी और अवैध शिकार आदि शामिल हैं। हालांकि वैज्ञानिक संरक्षण की कोशिशों को भी जरूरी मानते हैं और अध्ययनकर्ताओं ने स्वीकार किया है कि अगर ऐसी कोशिशें ना की गई होतीं, तो ये जानवर बहुत पहले विलुप्त हो चुके होते। 1950 से अब तक लगभग 100 प्रजातियां ऐसी हैं, जो विलुप्त हो चुकी हैं। इसकी मुख्य वजहों में अवैध शिकार, वनों का कटाव, घटते कुदरती रहवास आदि खतरे शामिल हैं।

**रानी मेहता,नई दिल्ली**

# ऑस्ट्रेलिया में पंजाबी भाषा की उपस्थिति

**ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर हिंदुस्तान की प्रमुख भाषाओं में एक पंजाबी भाषा ने अपने बढ़ते प्रभाव का वहां ऐसा डंका बजाया है जिससे उनकी हुकूमत को अपने स्कूली पाठ्यक्रमों में पहले से निर्धारित सब्जेक्टों में पंजाबी को भी शामिल करने पर मजबूर होना पड़ा। जनगणना-2011 के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में सिखों की आबादी 210,000 से अधिक थी जो अब डबल हो चुकी है।**

डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक वरिष्ठ टिप्पणीकार हैं।

बोली-भाषा पर कोई बंदिश नहीं लगा सकता है। वह अपना स्थान खुद बनाती है। ताजा उदाहरण सामने है। पंजाबी भाषा ने जो डंका बजाया है जिसने हम सबको गौरवान्वित कर दिया है। ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर हिंदुस्तान की प्रमुख भाषाओं में एक पंजाबी भाषा ने अपने बढ़ते प्रभाव का वहां ऐसा डंका बजाया है जिससे उनकी हुकूमत को अपने स्कूली पाठ्यक्रमों में पहले से निर्धारित सब्जैक्टों में पंजाबी को भी शामिल करने पर मजबूर होना पड़ा। जनगणना-2011 के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में सिखों की आबादी 210,000 से अधिक थी जो अब डबल हो चुकी है। वैसे, मांग तो बहुत पहले से उठ रही थी। पर, देर आए, दुरूस्त आए, आखिकार ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने हाल में लागू की अपनी नई शिक्षा नीति में अब पंजाबी भाषा को भी जोड़ लिया है। उनके इस निर्णय को भारत सरकार और प्रत्येक भारतीयों ने खुलेदिल से सराहा है। दरअसल, ये निर्णय उन देशों को भी संबल देगा जहां-जहां भारतीयों की आबादी हाल के दशकों में बेहताशा बढ़ी हैं। फिजी, मॉरीशस, अमेरिका, इंग्लैंड जैसे कई मुल्क हैं जहां हिंदुस्तानी लोग हिंदी-पंजाबी बोलते हैं और उन्हें देखा-देख दूसरे लोगों ने भी बोलना शुरू कर दिया है। इस कतार में अन्य और भी कई ऐसे देश हैं जिनमें हिंदी-पंजाबी को अपने पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग जोरों से उठ रही है।

कहते हैं कि भाषा का बढ़ता प्रभाव, बहती हवाओं और उड़ते परिंदों सरीखा होता है। जिसे रोक पाना समाज क्या, सरकार के लिए भी मुश्किल होता है। नए निर्णय के तहत ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने अपने सभी निजी व सरकारी स्कूलों के पाठ्यक्रमों में पंजाबी को पढ़ाने का फैसला किया है जो प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक के पाठ्यक्रमों में अब से पढ़ाई जाया करेगी। ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रांत जिनमे विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड ऐसे हैं जहां पंजाबियां की बहुतायत है। इसके अलावा समूचे देश में करीब दस फीसदी आबादी इन्हीं से सुशोभित है। ये समुदाय बीते कई वर्षों से वहां पंजाबी भाषा को स्कूली कक्षाओं में पढ़ाने की मांग सरकार से करता आया है। जिसपर सरकार ने पिछले साल अगस्त में आबादी के लिहास से जांच-पड़ताल कराई, एक कमेटी बनाई और पिछली जनगणना के आधार पर आंकलन भी करवाया, जिसमें पाया कि ये भाषा वास्तव में अन्य भाषाओं के मुकाबले तेजी से बढ़ी है। इसलिए इसे सरकारी मान्यता दी जानी चाहिए। कमेटी की फाइनल रिपार्ट जैसे ही सरकार के पास पहुंची, तुरंत निर्णय हुआ और जोड़ दिया अपने राष्ट्रय पाठ्यक्रमों की कक्षाओं में।

बहरहाल, 'ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो' द्वारा प्रस्तुत जनगणना-2011 के मुताबिक, पंजाबी भाषा का प्रचलन सबसे तेजी से बढ़ना बताया, आंकड़ों की माने




तो वहां 239,033 ऐसे घर हैं जिनमे हमेशा पंजाबी बोली जाती है। ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप की कुल आबादी का तकरीबन 10 प्रतिशत के साथ किसी भी ऑस्ट्रेलियाई राज्य या क्षेत्र का सबसे बड़ा भूमि क्षेत्र, विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स व क्वींसलैंड हैं जहां पंजाबियों की एक बड़ी आबादी रहती है। ये आबादी राज्य की असाधारण जलवायु, प्रकृतिक संपदाएं, प्रसन्नचित्त अर्थव्यवस्था व सबसे जरूरी आरामदेह जीवन स्टाइल के चलते आकर्षित है। बीते एकाध दशकों में इस महादीप में भारतीयां का पहुंचना कुछ ज्यादा ही हुआ है। पिछले वर्ष संसद के शीत सत्र में देश छोड़ने वालों का आंकड़ा सरकार की ओर से जारी हुआ था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया जाने वालों का भी जिक्र हुआ था। यही कारण है कि ऑस्ट्रेलिया में पंजाबी जुबान तेजी से बढ़ी है। इसके अलावा हिंदी भी ऑस्ट्रेलियाई में बोली जाने वाली शीर्ष 10 भाषाओं में जगह बना चुकी है। हालांकि, उसे अभी तक पाठ्यक्रमों में नहीं जोड़ा गया। हो सकता है देर-सबेर उन्हें भी जोड़ लिया लाए।

गौरतलब है, ऑस्ट्रेलिया में जातीय-समुदायों के साथ भेदभाव कतई नहीं किया जाता, ये अच्छी बात है। जो भी मांगे होती हैं, उन्हें गंभीरता से लिया जाता है। पंजाबियों की एक और मांग उठी थी कि एक गुरुद्वारा बनाया जाए, तभी स्थानीय मेयर के प्रयासों से 'न्यू साउथ वेल्स' में एक विशाल गुरूद्वारे का निर्माण भी करवाया गया है। मौजूदा वक्त में ऑस्ट्रेलिया के भीतर पांचवां सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ता धार्मिक समूह गुरवाणी है। ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ी सिख आबादी विक्टोरिया में पाई जाती है, इसके बाद न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड का स्थान आता है। शेपार्टन, विक्टोरिया में पहले से एक-एक गुरुद्वारा हैं।

इतिहास के पन्नों को पलटे तो कभी वहां भारतीयों का रहना उतना आसान नहीं होता था। वहां ज्यादातर पहचान गिरमिटिया मजदूर के तौर पर हुआ करती थी। धीरे-धीरे समय बदला, तो सन् 1925 व 1929 के बीच एशियाई देशों के अन्य मुल्कों की तुलना में भारतीयों को वहां कहीं अधिक अधिकार दिए गए। जबकि, एक वक्त ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों को सीमित संपत्ति अधिकारों की अनुमति हुआ करती थी। वोट करने का भी अधिकार नहीं था। लेकिन अब वोट भी देते हैं, नागरिकता भी हासिल है और पेंशन पाने का अधिकार भी प्राप्त है। ऑस्ट्रेलिया के सभी सरकारी विभागों में इस वक्त पंजाबियों की आमदगी है। नौकरियों के अलावा वह कृषि क्षेत्र में प्रमुखता से रमे हुए हैं। ऑस्ट्रेलियाई जीडीपी में करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी खेतीबाड़ी की है। वहां गन्ने की खेती प्रमुखता से होती है जिसे तकरीबन पंजाबी ही करते हैं।

बेशक, ऑस्ट्रेलिया में राष्टीय भाषा के रूप में अंग्रेजी एकीकृत है। पर, अब दूसरी भाषाएं भी मीठी बोली से अपनी जगह बनाती जा रही हैं। स्थानीय नागरिक भी बड़े चाव से पंजाबी बोलते हैं। घरों में बच्चों के लिए बकायदा टयूटर रखे हुए हैं। अब ये प्रचलन और बढ़ गया है जबसे पाठ्यक्रम में पंजाबी पाषा को जोड़ा गया है। ऑस्ट्रेलिया में पंजाबियों का संघर्ष भी बहुत बड़ा रहा। सन् 1930 के बाद जब सिखों ने अपने नए-नवेले अधिकारों का उपयोग करना आरंभ किया।

शुरूआत में उनकी क्वींसलैंड के एथर्टन टेबललैंड क्षेत्र और न्यू साउथ वेल्स की उत्तरी नदियों, विशेष रूप से मैकलीन, हारवुड और क्लेरेंस में एक मजबूत उपस्थिति दर्ज होने के बाद गन्ने के खेतों में काम करना शुरू किया, फिर ऐसा समा बंधा कि लाइफ तेजी से आगे बढ़ी। कभी खेतों में सामान्य मजदूर के तौर पर काम करते थे, फिर उन्हीं खेतों को ठेके पर लेकर स्वंय की खेती शुरू की, इसके अलावा अन्य कामों में भी हाथ बंटाते रहे। पंजाबियों की जैसे-जैसे आबादी बढ़ी, वैसे ही पंजाबी भाषा का भी विस्तार होता गया।

विस्तार इस कदर हुआ कि आज पंजाबी भाषा ने अपनी मौजूदगी वहां के राष्ट्रय पाठ्यक्रमों में दर्ज करवा ली। पंजाबी जुबान अब सरकारी हो गई है। बच्चे अब किताबों में पढ़ेंगे।

### किसने क्या कहा...




"हमारा प्रयास है कि ग्लोबल साउथ की आवाज सुनी जाए : एस. जयशंकर



सरकार का प्रयास है कि लघु हथियारों के क्षेत्र में अडाणी समूह का एकछत्र राज हो : जयराम रमेश



फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों के मौजूदा कामकाज से बहुत संतुष्ट नहीं : किरेन रीजीजू



बहुत ज्यादा समझौता करने वाला निर्वाचन आयोग अब अत्यंत सक्षम बन सकता है : डेरेक ओब्रायन"

### कार्टून...




# पिघलते ग्लेशियरों से बढ़ा का खतरा

ज्ञानेन्द्र रावत
लेखक वरिष्ठ टिप्पणीकार हैं

मौसम में दिनोदिन आ रहा बदलाव एक भीषण समस्या बन चुका है। ग्लोबल वार्मिंग ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। नये शोध इस बात के प्रमाण हैं कि भले ही ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान पर रोक दिया जाये, इसके बावजूद दुनिया में तकरीबन दो लाख पंद्रह हजार ग्लेशियरों में से आधे से ज्यादा और उनके द्रव्यमान का एक-चौथाई हिस्सा इस सदी के अंत तक पिघल जायेगा। बीती सदी में समुद्र के जल स्तर में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका एक-तिहाई हिस्सा ग्लेशियरों के पिघलने से आया है। दरअसल ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर के ग्लेशियर पिघल-पिघलकर टुकड़ों में बंटते चले गये। इसका कारण पर्वतीय इलाकों में तापमान में बढ़ोतरी की दर दोगुना होना है।

चिंता यह कि ग्लेशियर पिघलने से बनी झीलों से आने वाली बाढ़ से भारत समेत समूची दुनिया के तकरीबन डेढ़ करोड़ लोगों के जीवन पर खतरा मंडराने लगा है। ब्रिटेन के न्यू कैसल यूनिवर्सिटी के शोध से इसका खुलासा हुआ है। नेचर कम्युनिकेशंस नामक जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट बताती है कि दुनिया के डेढ़ करोड़ लोगों में सबसे ज्यादा खतरा भारत के लोगों को है, जहां तीस लाख से ज्यादा लोगों का जीवन ग्लेशियर से आने वाली बाढ़ के कारण खतरे में है। इसके बाद पाकिस्तान का नम्बर है, जहां करीब 7000 से ज्यादा ग्लेशियर हिमालय, हिन्दूकुश और कराकोरम पर्वत शृंखलाओं में मौजूद हैं जहां की बीस लाख से भी ज्यादा आबादी पर यह खतरा मंडरा रहा है।

शोधकर्ताओं की टीम के प्रमुख केरोलिन टेलर की मानें तो उनकी टीम के शोधकर्ताओं ने पूरी दुनिया में 1089 ग्लेशियर झीलों की घाटी की



पहचान की है। इन ग्लेशियरों की घाटियों के 50 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों की तादाद शोधकर्ताओं ने 1.5 करोड़ आंकी है। यह आबादी भारत, पाकिस्तान, चीन और पेरू की है। रिपोर्ट के मुताबिक उपग्रह द्वारा साल 2020 में किए गये अध्ययन में बताया गया है कि बीते 30 सालों में ग्लोबल वार्मिंग में 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है जिसके कारण दुनिया के ग्लेशियरों से बनी झीलें टुकड़ों में बंट गयीं।

गौरतलब है कि जैसे-जैसे जलवायु गर्म होती है, उसी तेजी से ग्लेशियर पिघलते हैं। यह पिघला हुआ पानी ग्लेशियर के आगे जमा हो जाता है और वह झील का रूप अख्तियार कर लेता है। ये झीलें अचानक फट भी सकती हैं। झीलों का तेज बहता पानी 120 किलोमीटर से भी अधिक इलाके को अपनी जद में ले लेता है। यह बाढ़ काफी भयावह और विनाशकारी होती है। गौरतलब है कि 1990 के बाद से जलवायु परिवर्तन के चलते ऐसी झीलों की तादाद में काफी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। 2021 में फरवरी माह में उत्तराखंड के चमोली जिले में आयी बाढ़ ऐसी ही आपदा का परिणाम थी।

दरअसल, तापमान में बढ़ोतरी और जलवायु में बदलाव को रोकने की दिशा में जो भी अभी तक प्रयास किए गये हैं, उनका कोई कारगर परिणाम सामने नहीं आ सका है। याद रहे जीवाश्म ईंधन जलाने से मानव इतिहास में जितना उत्सर्जन हुआ है, उसका आधा बीते केवल 30 सालों में ही हुआ है। यदि 2015 में जारी वैश्विक तापमान बढ़ोतरी के 10 सालों के औसत पर नजर डालें तो पता चलता है कि औद्योगिक क्रांति से पूर्व की तुलना में तापमान में 0.87 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी थी जो 2020 में यानी केवल पांच साल में ही बढ़कर 1.09 डिग्री सेल्सियस हो गयी। केवल पांच साल में इसमें 25 फीसदी की बढ़ोतरी हालात की गंभीरता की ओर इशारा करती है।

कानेंगी मेलन यूनिवर्सिटी और फेयरबैंक्स यूनिवर्सिटी के शोध के अनुसार यदि जलवायु परिवर्तन की दर इसी तरह बरकरार रही तो इस सदी के आखिर तक दुनिया के दो-तिहाई ग्लेशियरों का अस्तित्व ही खत्म हो जायेगा। यदि दुनिया आने वाले दिनों में वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रखने में कामयाब रहती है उस हालत में भी आधे ग्लेशियर गायब हो जायेंगे। लेकिन हमारे पास क्षमता है कि हम ग्लेशियर के पिघलने की दर को सीमित कर उसके अंतर को कम कर सकते हैं।

### उपदेश

चेतना और चिंतन जीवों के अस्तित्व के होने और उस अस्तित्व को स्वयं समझने का नाम है। मैं और आप या समस्त जीव जिनकी उत्पत्ति हुई और जो चर हैं, वे सब एक चेतना के कारण ही अस्तित्व में हैं। और यह चेतना हमें मिली है उस परमात्मा से जिसकी प्रकृति चेतन भी है और शून्य भी, जो स्वयं अपनी प्रकृति का रचयिता और विध्वंशकर्ता भी है। मगर पहले चेतना को समझें। चेतना जीवों की वो शक्ति जिससे जीव अस्तित्व में हैं, जिससे वह बोल, समझ, सुन और कोई कार्य कर सकता है।

मैं जीव हूं!, मैं चर हूं!, मैं भावनायुक्त हूं! , मैं 'मैं' हूं! , मैं कुछ हूं!, मैं संसार को समझने वाला हूं, मैं द्रव्यों को जानने वाला हूं, मैं दूसरे सजीव और निर्जीवों में भेद को जान के उनसे भावनायुक्त बंधन बनानेवाला हूं, मैं करता हूं, मैं...चिंतन जीवों को प्राप्त चेतना के कारण ही संभव है। सबसे बड़ी बात ये है कि सोचते तो बहुत से चर जीव हैं, परन्तु बुद्धिबल द्वारा सही मार्ग में सोचना, अर्थात जिसे हम विवेक द्वारा सोचना कहते हैं, वही चिंतन होता है। चिंतन अध्यात्म और भौतिक जगत दोनों का हिस्सा हैं। दोनों ही जगत में प्रगति करने के लिए चिंतन आवश्यक है...आध्यात्मिक चेतना और चिंतन समझना इसलिए जरूरी है, क्योंकि इस भौतिकवाद में जन्मे सभी चेतन जीवों को चिंतन करना हो तो सिर्फ भौतिक द्रव्यों और संसाधनों और कुछ कदम तक दिखाई देने वाला भविष्य, के बारे में ही चिंतन करते हैं। यह चेतन आत्मा इस शरीर में है, परन्तु वो भौतिक वाद में खो गई है।

> *मैं और आप या समस्त जीव जिनकी उत्पत्ति हुई और जो चर हैं, वे सब एक चेतना के कारण ही अस्तित्व में हैं। और यह चेतना हमें मिली है उस परमात्मा से जिसकी प्रकृति चेतन भी है और शून्य भी, जो स्वयं अपनी प्रकृति का रचयिता और विध्वंशकर्ता भी है।*

अमर ख्याल

# युवक की हुई हत्या का 24 घंटे के अंदर किया गया सफल अनावरण

## घटना में शामिल एक अभियुक्त व एक महिला गिरफ्तार



**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कस्बा सेवरही स्थित सतीश चौराहा के पास से थाना सेवरही थाना विशुनपुरा व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना सेवरही क्षेत्रांतर्गत जिन्न बाबा के स्थान के पास एक युवक की हुई हत्या का 24 घंटे के अंदर सफल अनावरण करते हुए थाना सेवरही पर पंजीकृत मु0अ0सं0 89/2023 धारा 302/201भादवि0 से सम्बन्धित एक अभियुक्त शर्मा प्रसाद पुत्र नथुनी प्रसाद साकिन बरिया पट्टी थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर व एक महिला को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्तगण शर्मा प्रसाद पुत्र नथुनी प्रसाद साकिन बरिया पट्टी थाना विशुनपुरा कुशीनगर मीना देवी पत्नी राजेश प्रसाद साकिन बैकुण्ठपुर कोठी थाना विशुनपुरा कुशीनगर घटना कारित करने का कारण0अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि प्रभु ब्याहुत से हम लोग परेशान हो गये थे यह हम लोगों के स्वतंत्रता में बाधा पहुंचा रहा था तथा प्रभु ब्याहुत के द्वारा हम लोगों को काफी पैसे दिये गये थे जिसको न देना पड़े इसलिए प्रभु ब्याहुत को हम दोनो भाई बहन मिलकर रास्ते से हटाने की योजना बनाकर दिनांक 27.02.2023 की रात्रि में ही मृतक प्रभु ब्याहुत को ई रिक्सा पर ही गला दबाकर मारकर उसके लाश को जिन्न बाबा के स्थान के आगे खेत में सुनसान जगह पर डाल दिये थे विवरण बरामदगी घटना में प्रयुक्त एक अदद ई रिक्सा (बिना नम्बर प्लेट चेचिस नंबर ट6 टउश्रत्र22ए011141 दो अदद एंड्रयाड मोबाइल फोन (रेडमी फोन क्टएक 1 869973056210204 क्टएक 2 869973056210212 लाइट ब्लू व डढढड फोन क्टएक 1 864029037221474 क्टएक 2 864029037221466 रंग सिल्वर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में महेंद्र राम प्रजापति प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा जितेंद्र कुमार टंडन प्रभारी निरीक्षक थाना बरवापट्टी संजय कुमार थानाध्यक्ष सेवरही उ0नि0 शरद भारती प्रभारी सर्विलांस टीम उ0नि0 मंगेश कुमार मिश्र चौकी प्रभारी कस्बा सेवरही उ0नि0 सभाजीत सिंह थाना सेवरही हे0का0 अभिषेक यादव सर्विलांस टीम हे0का0 संजय कुमार थाना सेवरही का0 अवनीश दूबे थाना सेवरही का0 सुनील सिंह थाना सेवरही का0 विशाल गौड थाना सेवरही

का0 उमेश यादव थाना विशुनपुरा म0का0 सुप्रिया पाडेय थाना सेवरही म0का0 रीता भारती थाना सेवरही रहे

# डंडों से पीटकर पत्नी को पति ने उतारा मौत के घाट

अमर ख्याल। अशोक कुमार

बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत निधि नगर संकल्पा गांव निवासी एक पत्नी को पति ने डंडों से पीट-पीट उसे मौत के घाट उतार दिया। बाद में शव को खींचकर बाग में पहुंचा दिया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बार बार पति के बयान बदलने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम निधि नगर संकल्पा निवासी प्रमिला देवी (35) पत्नी विनोद कुमार का शव जैतापुर गांव में स्थित आम के बाग में पड़ा मिला। मौके पर संघर्ष करने और लाठियों से पिटाई के सबूत पाये गये। पति विनोद कुमार ने शव बरामद होने की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चौधरी चरण सिंह उर्फ गब्बर सिंह को दी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने महिला के शव की तलाश शुरू की।

काफी देर बाद पति के निशान देही पर पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस को पति विनोद कुमार ने तीन लोगों पर लाठियों से पीटकर हत्या किए जाने की तहरीर दी। लेकिन बार बार पति द्वारा बदले जा रहे ब्यान से पुलिस भी हैरत में पड़ गई। जबकि पति विनोद कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गयी है। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि जैतापुर गांव निवासी अवध कुमार सिंह की बाग से महिला का शव बरामद हुआ है। घटनास्थल पर डंडे, चप्पल और संघर्ष के निशान भी मिले हैं। मालूम हो कि महिला की शादी 20 वर्ष पहले हुई थी। गांव के लोगों ने बताया कि घटना स्थल पर पुलिस लगभग चार घंटे बाद पहुंची। जबकि शव सुबह 11 बजे से ही बाग में पड़ा था। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा हैम कि हमलावरों ने महिला की हत्या सुबह ही कर दी थी। गांव के लोगों ने बताया कि मृतक महिला की दो बेटी और एक चार वर्ष का पुत्र भी है।

# भीम आर्मी कार्यकताओं का जोरदार प्रदर्शन, सौंपा माँग पत्र



**अमर ख्याल अशोक कुमार**

**बहराइच।** हरियाणा राज्य में जुनेद और नसीर की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गुरुवार को भीम आर्मी के कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। भीम आर्मी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निकट मैदान में एकत्रित हुए। यहां पर सभी हरियाणा में 16 फरवरी को जुनेद और नसीर हत्याकांड को लेकर प्रदर्शन किया। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने कहा कि कथित गौ रक्षकों ने हत्या कर दी। इसके बाद उन्हें जला दिया गया। लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी न होने से समाज के लोगों में नाराजगी है। सभी प्रदर्शन स्थल से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय को सौंपा। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एक मोबाइल फोन व अवैध तमन्चे के साथ 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार



**अमर ख्याल राजेश कुमार**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 02.03.2023 को गुलहरिया रेगुलेटर के पास से थाना खड्डा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 327/2022 धारा 379 भादवि0 से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 01. नरसिंह पुत्र लल्लन साकिन वीरभान सिरसिया कला थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर, 02. अंगेश पुत्र उमेश प्रसाद साकिन पलट छपरा थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर, 03. हरीओम पासवान पुत्र उत्तम पासवान साकिन पलट छपरा थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटारसाईकिल, 01 अदद मोबाइल फोन तथा 01 अदद कट्टा 315 बोर, 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर उपरोक्त मुकदमे में धारा 411 भादवि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पंचायत उपचुनाव में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जाय




**अमर ख्याल । चमन अली**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मौदहा क्षेत्र अंतर्गत तिलसरस व परछा में चल रहे पंचायत उपचुनाव में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# ब्लाक स्तरीय बैठक सम्पन्न

**अमर ख्याल । चमन अली**

**कुरारा, हमीरपुर।** ब्लाक सभागार में कन्वर्जेंस के लिए स्वास्थ्य, आई सी डी एस, स्वच्छता एवम पेयजल तथा पंचायत की ब्लाक स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ब्लाक स्तरीय सभी विभागों ने भाग लेकर अपनी-अपनी योजनाओं के बारे में बताया इसी क्रम में यूनोप्स के जिला सलाहकार सिद्धगोपाल त्रिवेदी ने बताया कि यूनोप्स द्वारा जलजीवन मिसन के तहत ब्लाक के 11 गाँवो को मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है इन गांवों में ग्राम पेयजल एवम स्वच्छता समिति को जलजीवन मिसन के तहत प्रशिक्षित कर सशक्त बनाया जा रहा है जिससे यह पानी समिति अपनी कार्ययोजना के अनुसार 100% एफ एच टी सी कवरेज हेतु पेयजल तथा स्वच्छता के कार्यो को करती रहेगी और इस समिति को आगे भी पेयजल के रख-रखाव हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से अनुराग मिश्रा ने किशोर - किशोरियों को एनीमिया की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत साप्ताहिक खिलाई जाने वाली आयरन की गोली के बारे में बताया । यूनीसेफ के ब्लाक समन्वयक राजेन्द्र कुमार सिंह ने 0 से 5 वर्ष के बच्चों को होने वाली छह जानलेवा बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण की जानकारी दी तथा सफल सुरुआत कार्यक्रम के समन्वयक सुभाष पांडेय ने कुपोषण से बचने के लिए गर्भवती और धात्री के पोषण हेतु खानपान व उचित पौष्टिक भोजन लेने के विषय मे बताया । बैठक में ब्लाक की सभी आँगनवाड़ी, आशा, पानी समिति के सदस्य लोग उपस्थित रहे।

# होली व सब-ए-बारात त्योहार शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने की हुई चर्चा

## त्योहारों पर किसी प्रकार का विवाद, पुलिस नही करेगी बर्दाश्त

अमरख्याल



गोरखपुर। चौरीचौरा थाने पर गुरुवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा मानुष पारीक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई डी जे संचालको को दिये गये निर्देश, और साथ ही साथ पीस कमेटी के बैठक के दौरान कच्ची शराब बिक्री होने को लेकर विशेष ध्यान देने को कहा, होली में अधिकतर व्यक्ति शराब, व रंग को लगाने को लेकर आपस मे झगड़े हो जाते हैं यदि आपके क्षेत्र में कोई कच्ची शराब को लेकर कोई सूचना हो तो तुरंत बताएं उस पर हम कार्रवाई करेंगे यदि इस तरह की घटना होती है, तो आप जरूर आप बताये और आप मेरा नम्बर लें और आप मुझसे डायरेक्ट सम्पर्क कर सकते है, डीजे संचालकों को निर्देश में कहा कि यदि कही पर 70 डेसीमल से ज्यादे की ध्वनि सुनाई नही देनी चाहिए, या डीजे पर किसी भी प्रकार के अभद्र या सम्प्रदायिक झगड़े उत्पन्न करने जैसे गाने नही बजने चाहिए।

क्षेत्राधिकारी ने पिछले वर्षों में होलिका दहन, या होली के दिन होने वाले विवाद को ध्यान में रखते हुवे, पूरी शतर्कता बरतने को कहा है साथ ही उन सभी गांव के ग्राम प्रधान को भी कहा कि यदि पुरानी विवाद को लेकर कोई झगड़ा होने की संभावना हो तो जरूर अवगत कराएं। ,जोधपुर के ग्राम प्रधान प्रभु नाथ राजभर ,सरैया के ग्राम प्रधान पति आलोक कुमार, सहित कुछ ग्राम प्रधानों / प्रतिनिधियों ने शिकायत की, बैठक में मुख्य रुप से थाना प्रभारी चौरीचौरा संजय कुमार सिंह ,एस आई प्रदीप कुमार सिंह, जितेन्द्र यादव, दिनेश कुमार, विशाल उपाध्याय, प्रधान व प्रतिनिधि श्याम मिलन यादव, नवरंग कुमार, रमेश यादव, आलोक कुमार, सुनिल कुमार, प्रभु नाथ राजभर, अच्छेलाल साहू, जावेद अली, दीपक कुमार सहित काफी संख्या में संभ्रांत लोग तथा प्रशासनिक लोग मौजूद रहें

# मुंडन संस्कार में गए युवक की संदिग्ध अवस्था मे मिला शव

अमर ख्याल



गोरखपुर। जिले के खोराबार थाना क्षेत्र के कुई मोड़ पर बुधवार की रात को खोराबार पुलिस को एक डेड बॉडी मिली। खोराबार पुलिस ने जब छान बीन की तो जानकारी हुई कि झंगहा थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी युवक राजन यादव की डेड बॉडी है। खोराबार एवं झंगहा पुलिस ने मिलकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। मिली जानकारी के अनुसार झंगहा थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी 40 वर्षीय युवक राजन यादव पुत्र लालबहादुर अपने भाभी को लेकर बुधवार को तरकुलहा में अपने रिश्तेदार रामचंद्र यादव के नाती के मुंडन संस्कार में गया था । मुंडन संस्कार समाप्त होने के बाद उसकी भाभी ने जब फोन किया तो वह सही जवाब नहीं दे रहा था, कि वो कहां पर है। तो राजन यादव की भाभी दूसरे गाड़ी के साथ घर आ गई। जब वह शाम तक घर वापस नहीं आए तो परिजनों ने फोन कर जानकारी लेने का प्रयास करने लगे। तो उसका कोई पता नही चला। मृतक राजन यादव के परिजनों के मुताबिक शाम को किसी होटल से उनके नंबर से फोन किया गया। और बताया गया कि वह एक होटल के पास वो मौजूद हैं घर जाने की हाल में नहीं है। और फिर रात में अचानक से 9:00 बजे पुलिस द्वारा फोन आता है कि वह कुई मोड़ पर मृत अवस्था मे पड़े हुए हैं। जानकारी होने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। उधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृश्या यह मामला एक एक्सीडेंट लग रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इसकी पुष्टि होगी। वहीं परिजनों एवं गांव के लोगों का अलग अलग बयान सामने आ रहा है। मामला संदिग्ध होने का कारण यह भी पता चल रहा है कि मुंडन संस्कार से युवक घर न जाते हुए अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर दूसरे की मोटरसाइकिल लेकर कुई मोड़ पर क्या करने गया था। सवालिया निशान यह भी है कि कुछ लोगों का दावा है शराब के नशे में था वही गांव के लोगों के अधिकांश लोगों का यह भी कहना है कि वह कभी भी दारू नहीं पीता था। राजन की तीन बच्चे है। ज्योति 8वर्ष, खुशी 5वर्ष ,श्याम 2 वर्ष की है, राजन अपने परिवार का भरण पोषण मजदूरी करके करता था। वहीं राजन की पत्नी से बात किया गया तो उसने बताया कि शाम तक मैने फोन किया तो वो सही जानकारी नही देते थे।

# हत्यारे पति को उम्रकैद , 50 हजार जुमार्ना

**अमर ख्याल। अशोक सागर**

**गोंडा।** कोर्ट ने चार वर्ष पुराने मामले में पत्नी की हत्या के आरोपी पति को सश्रम आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी घनश्याम पांडेय ने बताया कि बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पहुंचकट्टा जलालपुर निवासी सर्वेश कुमार गिरि ने 16 अप्रैल 2019 को कटरा बाजार थाने में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि आठ साल पहले उसके बहन की शादी लल्लन उर्फ मुकेश गोस्वामी निवासी टेढ़ी गोंसाईंपुरवा थाना कटरा बाजार के साथ हुई थी।दहेज की मांग कर उसके बहनोई बहन को मारते पीटते थे। जब वह आया तो बहन का शव चारपाई पड़ा मिला। गले में फांसी लगाने का निशान था। वादी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।विवेचना के दौरान दहेज हत्या का साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी पति लल्लन उर्फ मुकेश गोस्वामी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मंगलवार को निर्णय सुनाते हुए एडीजे-4 डॉ. अनामिका चौहान ने अभियुक्त लल्लन उर्फ मुकेश गोस्वामी को पत्नी की हत्या के अपराध में सश्रम आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुमार्ने से दंडित किया।

# कूटरचित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर अवैध तरीके से नर्सिंग होम का पंजीकरण कराने वाला 20,000/ रुपये का पुरस्कार घोषित चिकित्सक गिरफ्तार

अमर ख्याल




गोरखपुर । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा जनपद में होने वाले अपराधो पर रोकथाम/अंकुश लगाये जाने तथा सम्बन्धित अभियुक्तो के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा-निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक उत्तरी गोरखपुर के पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पाण्डेय की टीम व एसओजी/स्वाट टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत 1. मु0अ0सं0 14/23 धारा 304/419/420/34/313/34/417 भादवि0 व 15(3) इण्डियन मेडिकल काउंसिल एक्ट तथा 2. मु0अ0सं0 17/23 धारा 419/420/465/468/471/120 बी भादवि0 व 15(3) इण्डियन मेडिकल एक्ट से संबंधित सत्यम नर्सिंग होम भटहट बासस्थान रोड का फर्जी रजिस्ट्रेशन कराने वाले चिकित्सक सुनील कुमार सरोज पुत्र कमला प्रसाद सरोज निवासी शिवकुटी गोविन्दपुर थाना शिवकुटी जनपद प्रयागराज हालपता म0नं0 334 बी, संतनगर बुराडी बाबा कालोनी थाना बुराडी जनपद नई दिल्ली को गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं । घटना क्रम- सत्यम हॉस्पिटल बासस्थान रोड भटहट थाना गुलरिहा गोरखपुर को विगत कई वर्षो से अवैध तरीके से संचालित करने हेतु संचालक से चिकित्सक द्वारा अनुचित लाभ लेकर चिकित्सा सम्बन्धी प्रमाण पत्र देकर व कूटरचित शपथ पत्र आदि प्रस्तुत कर रजिस्ट्रेशन अस्थायी चिकित्सक के रुप में कराने हेतु अपराधिक षडयन्त्र के तहत सहयोग करने व नर्सिंग होम में मौजूद न रहने

जिससे अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा आपरेशन व दवा ईलाज करने से मृत्यु हो जाना जिसके सम्बन्ध में पीड़िता के पति व उप मुख्य चिकित्साधिकारी की तहरीर पर अभियोग मु0अ0सं0 1. 14/23 धारा 304,419,420,34,313,34,417 भादवि0 व 15(3) इण्डियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 2. मु0अ0सं0 17/23 धारा 419/420/465/468/471/120बी भादवि0 व 15(3) इण्डियन मेडिकल एक्ट पंजीकृत किया गया । तथा गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा 20,000/ रुपये का इनाम घोषित किया गया था ।

# समय को बदलना है तो खुद को बदलना होगा शेर सिंह

**अमर ख्याल । अशोक सागर**

**गोंडा ।** बिकास खण्ड रूपईडीह के ग्राम सभा मधवानगर पोस्ट खरगूपुर बाजार गोण्डा मे पाण्डव वंशीय बाबू रघुबीर शरण सेन स्मारक धर्मार्थ ट्रस्ट (पंजी)की तेरहवीं मीटिंग भैया बाबूलाल सिंह जी एवं जंगबहादुर सिंह जी के आयोजन मे सम्पन्न हुई मंच संचालन करते हुए संगठन मंत्री श्री राम मनोज सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है हम सभी भाईयों को सामाजिक राजनीतिक शैक्षिक एवं अध्यात्मिक ज्ञान को प्राप्त कर अपने समाज को उन्नति के शिखर पर पहुंचाना है उन्होंने तामसिक भोजन पर चर्चा करते हुए कहा कि

**कन्द मूल खाने वालों से मांसाहारी डरते थे पोरस जैसे शूरवीर को नमन सिकन्दर करते थे**

मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे ट्रस्ट अध्यक्ष श्री शेर सिंह जी ने कहा समाज में सभी लोगों को अपने खानपान रहन सहन वेशभूषा एवं आचार विचार मे परिवर्तन लाना होगा जब तक समाज के लोग बिछड़े और पिछड़े हैं हम चैन से नहीं बैठेंगे हम अपने क्षत्रिय धर्म एवं स्वजातीय समाज को संगठित एवं जागरूक करने के लिए ट्रस्ट का बिस्तार होना जरूरी है अतीत को तो हम बदल नहीं सकते पर वर्तमान हमारे हाथ मे है हम कैसा भबिष्य अपने बच्चों को देना चाहते हैं वो हमें खुद तय करना है सभा को सम्बोधित करते हुए ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी श्री देवेन्द्र सिंह जी ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा समाज की जननी होती है जो समाज शिक्षित है उसे कोई बहका अथवा बर्गला नहीं सकता क्योंकि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाड़ेगा

**क्योंकि हम चलतें हैं तो तूफान मचल जाते हैं हम बदलते हैं तो इतिहास बदल जाते है**

इस मीटिंग में ट्रस्ट के सह संगठन मंत्री श्री बिष्णु सिंह जी, आनन्द सिंह, गुलाब सिंह, बीपी सिंह, लक्ष्मन सिंह पालू सिंह, कन्हैया सिंह, शारदा प्रसाद सिंह, रीना सिंह, नानक प्रसाद सिंह, शिवकुमार सिंह, सोनू सिंह, सूर्य प्रकाश यादव एवं असलम भाई मौजूद रहे

# वन स्टाप सेन्टर संचालन हेतु सम्पन्न हुआ साक्षात्कार



## चयनित किये गये अभ्यर्थी अमर ख्याल अशोक कुमार

**बहराइच 02 मार्च।** वन स्टाप सेन्टर की स्थापना कर जिले के प्रत्येक विकास खण्ड में कृषकों को एक ही छत के नीचे वन स्टॉप शॉप के माध्यम से बीज, उर्वरक कीटनाशक तथा जैव कीटनाशक, जैव उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रिएन्ट्स, वर्मी कम्पोस्ट, कृषि यन्त्र एवं प्रसार सेवायें, मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर संस्तुत उर्वरक एवं खाद तथा नवीन तकनीकी की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना (एग्री जंक्शन) अन्तर्गत अभ्यर्थी चयन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में साक्षात्कार सम्पन्न हुआ। साक्षात्कार के उपरान्त जिले में वन स्टाप सेन्टर के संचालन हेतु समस्त 14 विकास खण्डों के लिए 14 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

साक्षात्कार के दौरान चयन समिति के अन्य सदस्य मुख्य विकास अधिकारी के प्रतिनिधि जिला विकास अधिकारी महेंद्र कुमार पाण्डेय, सचिव/महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक बहराइच, ,अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक, उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नन्दा तथा आवेदनकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व सहकारिता मंत्री ने किया चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन

## डीएम को अपने बीच पाकर प्रसन्न हुई एनएसएस की छात्राएं

## छात्र-छात्राओं के आकर्षण का केन्द्र बनी चित्र प्रदर्शनी

अमर ख्याल । अशोक कुमार

बहराइच 02 मार्च। नये भारत का नया उत्तर प्रदेश की अवधारणा तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्ट्रेट बहराइच में लगायी गयी 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का प्रदेश के पूर्व सहकारिता मंत्री श्री मुकुट बिहारी वर्मा ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रदर्शनी की सराहना की। सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी छात्र-छात्राओं के आर्कषण का केन्द्र बनी हुई है। प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी नगर के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों, विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। महिला महाविद्यालय की एनएसएस की छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी के अवलोकन के समय जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के पहुँचने पर छात्राएं काफी उत्साहित नजर आयीं। डीएम डॉ. चन्द्र ने



एनएसएस की छात्राओं तथा महाविद्यालय से आए हुए शिक्षण स्टाफ के साथ चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन ही नहीं किया बल्कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बेटियों, युवाओं, महिलाओं एवं रोजगारपरक तथा फ्लेक्सी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी भी प्रदान की। डीएम ने छात्राओं से रू-ब-रू होते हुए उनकी शिक्षा-दीक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनका व परिवार का कुशलक्षेम भी जाना। डॉ. चन्द्र ने छात्राओं का आहवान किया कि अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए भागीरथ प्रयास करें। उन्होंने छात्राओं से कहा कि अपने परिवार, आस-पास के लोगों को प्रदर्शनी का अवलोकन कर केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। डीएम ने आमजन से अपील की है कि प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभ उठायें।

उल्लेखनीय है कि चित्र प्रदर्शनी में बेटियों के सम्मान के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, युवाओं के सपने साकार मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, आमजन के लिए चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), गरीबों के कल्याण हेतु अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना, स्टार्टअप को प्रोत्साहन, स्टार्ट इन यूपी, मातृ शक्ति के शिक्षा सुरक्षा व सम्मान के लिए ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी), विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, गौवंशो की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री निराश्रित, बेसहारा गौवंश सहभागिता योजना, गरीबों के कल्याण को समर्पित सरकार डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना व मनरेगा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

इसी प्रकार हुनर को सम्मान, मिली नई पहचान, एक जनपद एक उत्पाद योजना, सशक्त पंचायत, सशक्त प्रदेश, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना, सबके साथ खड़े, सबके साथ बढ़े, वृद्धा आश्रम, स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर के लिए महिलाओं का सम्मान उज्ज्वला योजना, डिजिटल प्रदेश स्मार्ट प्रदेश, मेधावी छात्रों को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण, जरूरतमंद गरीबों को छत, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना के साथ-साथ प्रदेश में एक्सप्रेस-वे के विशाल नेटवर्क, सर्वाधिक एयरपोर्ट, डेटा सेण्टर हब, डिफेन्स कारीडोर, निवेश का सुरक्षित परिवेश इत्यादि विषयों पर आधारित फ्लैक्स प्रदर्शित किये गये हैं। प्रदर्शनी का नगर मजिस्ट्रेट ज्योतिराय व अन्य अधिकारियों ने भी अवलोकन किया।

# आवास के नाम पर किया गया धांधली

## लाभार्थी काट रहे कार्यालय का चक्कर

अमर ख्याल

कुशीनगर। विकास खण्ड विशुनपुरा के अरनहवाँ गाँव के एक व्यक्ति ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व सचिव के विरुद्ध मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंप कर गाँव में मिले आवास के लाभार्थियों की निष्पक्ष जाँच करने की माँग करते हुए पात्र व अपात्र के चयन में धाँधली किये जाने का आरोप लगाया गया है। उक्त गाँव के ग्राम पँचायत सदस्य बनारसी ने मुख्य विकास अधिकारी कुशीनगर को सौंपे अपनी शिकायत पत्र में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फूल वदन चौहान व सचिव अजय प्रसाद के विरुद्ध यह आरोप लगाया है कि आवास के कुल एक सौ तेईस लाभर्थियों की सूची में छाछठ लोगों को पात्र बनाया गया है जिसमें उन्नीस ऐसे आवास के लाभार्थी हैं जिनके पास पक्के छत वाले मकान हैं जबकि उन्हें पात्रता की श्रेणी में चयन कर आवास का लाभ प्रदान किया गया है। शिकायत कर्त्ता ने कहा है कि आवासीय सूची से सत्तावन ऐसे लोगों को आवास के लाभ से वंचित किया गया है जिनके पास अच्छी फूस की झोपड़ी भी नहीं है। सुगंती देवी पत्नि मल्लू का नाम आवास की सूची में था लेकिन इनका कहना है कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा नाम कटवा दिया जबकि फूस की झोपड़ी वाली आवास है जिसमें परिवार के साथ रहते हैं। इसी क्रम में राज किशोरी पत्नि राधे ,अजय पुत्र नन्दलाल, बिगन पुत्र रामप्रीत ,मुन्ना पुत्र खेदारु जंगल टोला, हरिलाल पुत्र गौरी शंकर, हरदेव पुत्र सौदागर आदि ऐसे तमाम गरीब लोग हैं जो फूस की झोपड़ी में निवास करते हैं किंतु इन सभी लोगों को आवास के लाभ से वंचित कर अन्यों को लाभ दे दिया गया है जबकि बबलू पुत्र उमाशंकर का नाम आवासीय सूची में होने के बावजूद इनके जगह पर किसी दूसरे के बैंक खाते में आवास का पैसा भेजा गया है। शिकायत कर्त्ता सहित गाँव के लोगों ने बताया कि आवास लाभ के योग्य ऐसे तमाम लोगों का नाम आवासीय सूची से काट दिये गये हैं जो आसमान के नीचे पक्का छत न होने के कारण प्लास्टिक तानकर गुजर बसर करने को विवश हैं लेकिन उन्हें आवास के लाभ से वंचित कर दिया गया है। लोगों का कहना है कि सूची में अंकित नामों की वास्तविकता व पारदर्शिता से जाँच हो तो ऐसे बहुत से वंचित हुए गरीबों को पक्का छत मुनासिब हो जायेगा। शिकायत के सम्बन्ध में ग्राम सचिव अजय प्रसाद के मोबाइल नम्बर पर उनके पक्ष की जानकारी लेने की कोशिश की गयी किन्तु काल रिसीव नहीं हुआ जबकि खण्ड विकास अधिकारी विशुनपुरा सुशील कुमार का कहना है कि आरोप गम्भीर है ऐसा नहीं होना चाहिये। काल रिसीव न हो सकने की वजह से मुख्य विकास अधिकारी कुशीनगर के पक्ष की भी जानकारी खबर लिखे जाने तक नहीं ली जा सकी।

# मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित की गई भ्रष्टाचार निवारण गोष्ठी

**अमर ख्याल अशोक कुमार**

**बहराइच**।आज बृहस्पतिवार को मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक दिवसीय भ्रष्टाचार निवारण गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी क्षेत्र वासियों से भ्रष्टाचार के खिलाफ आने के बात की गई प्रमुख रूप से कुछ पंचायत सचिव और पुलिस की समस्याएं लोगों ने बताई जिनका सभी ने एक स्वर से विरोध करने की बात की भ्रष्टाचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के डायरेक्टर एसपी सिंह ने कहा कि भारत एक प्रजातांत्रिक देश है इस देश में



सबको रहने खाने और अपनी बात कहने की आजादी है लेकिन कोई हम पर जुल्म करेगा यह हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे गोष्ठी में ट्रस्ट के पदाधिकारी राज तिवारी, दस्तगीर, राकेश, मोहित, निरंकार, रमजान एवं सैकड़ों क्षेत्र वासी उपस्थित रहे.।

**मेडिकल स्टोर और डॉक्टरों कि सांठगांठ से जमकर कमीशन खोरी का खेल खेला जाता है मरीज जब मेडिकल स्टोर पर पर्चा लेकर पहुंचता है तो वहां पहले से ही डॉक्टर का कमीशन सेट होता है कैसे करते हैं बाहर दवा खरीदने पर मजबूर मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा ना होने का बहाना बनाकर प्राइवेट मेडिकल स्टोर पर दवा खरीदने के लिए किया जाता है इस विषय में जब दूरभाष पर सीएमओ डॉ वीरेंद्र सिंह से बात की गई उन्होंने बताया की दवाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध है बाहर से लिखने का कोई मतलब नहीं है ठीक है मामला जानकारी में आया है दिखवाते है**

# 24,घंटे बीतने के बाद भी मोबाइल फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते विकासखंड के

## 24,घंटे बीतने के बाद भी मोबाइल फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते विकासखंड के अधिकारी।

अमर ख्याल अंकित मिश्रा

सीतापुर। विकासखंड सांडा सकरन की सभी ग्राम पंचायतों में काफी घोटाले के मामले सामने आए हैं। जैसे सकरन,सुमरांवा, सैदापुर, प्यारापुर, उमरा खुर्द, लखुवेहड़, आदि जिसमें एक मामला ग्राम पंचायत तारपारा का भी है। जहां पर ग्रामीण स्तर से लेकर विकासखंड के आला अधिकारियों की मिलीभगत से काफी घोटाले किए गए हैं। जिसके सारे साक्ष्य मौजूद हैं। पर उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से कार्यवाही तो करना दूर की बात है। फोन उठाना ही मुनासिब नहीं समझते हैं। ऐसा ही कुछ मामला ग्राम पंचायत तारपारा से आया है। जिसको लेकर निष्पक्ष जन अवलोकन संवाददाता ने जानकारी लेने के लिए वीडियो सांडा से फोन पर 24 घंटे में कई बार बात करने की कोशिश की पर उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। जबकि उनके व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज भी डाला गया। आप फोन क्यों नहीं उठा रहे हैं। फिर भी कोई रिस्पांस नहीं निकला जिससे यह महसूस होता है। कि कहीं ना कहीं विकासखंड के आला अधिकारी वीडियो साहब भी शक के दायरे में आ रहे हैं। क्या जिसके




कारण फोन पर बात करने से कतराते हैं। जबकि फोन पर बात करने का महत्वपूर्ण कारण ग्राम पंचायत तारपारा में काफी समय से काफी घोटाले किए गये है। जिस पर आज तक किसी भी अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया। जैसे कि ग्राम पंचायत तारपारा की जमीनी हकीकत देखी जाए। तो हर बात समझ में आ जाएगी पर कोई भी अधिकारी देखना नहीं चाहता है। ना ही सुनना चाहता है। इससे यह प्रतीत होता है। कि ग्रामीण स्तर से लेकर विकासखंड व जिले के आला अधिकारी भी इन सभी घोटालों में सम्मिलित हैं। ग्राम पंचायत तारपारा की जमीनी हकीकत कुछ इस प्रकार है। जैसे कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुछ आवास ऐसे आवंटित किए गए हैं। जिनके पूरे पूरे मकान पक्के बने हुए हैं। वहीं कुछ ऐसे आवाश भी है। जोकि धरातल पर ना उतारकर सिर्फ और सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गए। वहीं आवास के नाम पर सरकार का पैसा किसान व ग्रामीण स्तर के व विकासखंड के आला अधिकारियों ने आपस में मिलकर बंदरबांट कर लिया। वही ग्रामीण स्तर के कर्मचारियों में जैसे कि ग्राम प्रधान पंचायत मित्र पंचायत सहायक ने मिलकर एक जॉब कार्ड धारक का जॉब कार्ड किसी अन्य खाते में जोड़ दिया। जिस पर कई बार कार्ड धारक ने पंचायत मित्र से अपना जॉब कार्ड अलग चलाने की मांग की है। फिर भी कुछ नहीं हुआ जिसको लेकर विकासखंड से जिले स्तर तक प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है। फिर भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। यही नहीं ग्राम पंचायत में बना पंचायत भवन जिसका संपूर्ण पैसा निकाल लिया गया है। फिर भी पंचायत भवन सुचारू रूप जिसका कार्य संपन्न नहीं है।

वही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत श्रीराम बेवा शीला को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया। पर वह धरातल पर नहीं उतारा गया जिसमें ग्रामीण स्तर से विकासखंड के आला अधिकारियों तक आपस में पैसों का बंदरबांट कर कागजी कार्यवाही पूर्ण कर दिया गया। प्राथमिक विद्यालय तारपारा की बाउंड्री व लिसाई पुताई का पैसा निकाल लिया गया। काम आधा अधूरा पड़ा हैंड पंप रिवोर के नाम पर लाखों रुपए निकाले गए। हैंडपंप की व्यवस्थाएं जैसे की तैसे बनी हुई है। कूड़ा दान के नाम पर पैसे निकालकर कहीं भी ग्राम पंचायत में एक भी कूड़ा दान नहीं लगाया गया।

पैसा आपस में बंदरबांट वृक्षारोपण के नाम पर लाखों रुपए का घोटाला किया गया। एक भी पेड़ कहीं भी नहीं लगाया गया। जो लगाए गए हैं जो अपने अपने खेतों में लगा लिए गए। ग्राम पंचायत तारपारा की जमीनी हकीकत संक्षेप में है। यदि किसी भी अधिकारी को इस मामले में रुचि है। तो मौखिक रूप से जांच कर अपनी संतुष्टि करते हुए। उचित कार्यवाही करने की कृपा करें अब यह कार्यवाही तो अभी इस समय के गर्भ में है। यह तो आने वाला समय ही बताएगा। किस पर विकासखंड के आला अधिकारियों ने क्या संज्ञान लिया है।

# 15,000/- रुपये का इनामिया गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमर ख्याल विपिन तिवारी

सीतापुर। जनपद मे पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में दिनांक 02.03.23 को अपर पुलिस अधीक्षक ह्लदक्षिणीह्व के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोली के नेतृत्व में थाना इ0सु0पुर पुलिस टीम द्वारा थाना महोली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 01/23 धारा 2/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 15,000/- रुपये के इनामिया अभियुक्त मोहम्मद नईम पुत्र मोहम्मद वसीम निवासी हाल पता ग्राम मिश्रीपुर कुर्सी रोड थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ व मूल पता मोहल्ला नयागांव लाइपार आजादनगर हरथला थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद को



गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त शातिर अपराधी हैं, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी/नकबजनी जैसे आपराधिक कृत्यो के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त करीब दो माह से वांछित चल रहा था, जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अभियुक्त पर 15,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

ड्ट मोहम्मद नईम पुत्र मोहम्मद वसीम निवासी हाल पता ग्राम मिश्रीपुर कुर्सी रोड थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ व मूल पता मोहल्ला नयागांव लाइपार आजादनगर हरथला थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद।

**पंजीकृत अभियोगः-**

**ड्ट मु0अ0सं0 01/23 धारा 2/3 यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना महोली सीतापुर।**

**पुलिस टीम थाना इ0सु0पुर –**

**1. प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष सिंह**

**2. उ0नि0 श्री बाबू खां**

**3. का0 अश्वनी त्यागी**

**4. का0 नितिन कुमार**

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त मोहम्मद नईम उपरोक्त झ्**

**क्र0सं0 मु0अ0सं0 धारा थाना जनपद**

**1 282/22 380/411 भादवि महोली सीतापुर**

**2 283/22 457/380/411भादवि महोली सीतापुर**

**3 308/22 380/411 भादवि महोली सीतापुर**

**4 321/22 457/380/411भादवि महोली सीतापुर**

**5 01/23 2/3 यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट महोली सीतापुर**

**अमर ख्याल बहराइच**। 18वीं इण्टर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स नेशनल मीट के लिए जिला एथलेटिक्स टीम बहराइच की घोषणा कर दी गई है। डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव अटल सिंह ने बताया कि 18वीं इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स नेशनल मीट के लिए 16 सदस्य टीम प्रतिभाग करेंगी। एथलेटिक्स टीम का चयन स्थानीय इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयन ट्रायल के माध्यम से सेलेक्शन किया गया है। सेलेक्शन के दौरान सैकड़ों की संख्या में एथलीट मौजूद रहे। संयुक्त सचिव अटल सिंह ने बताया कि 18वीं इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स नेशनल टीम का आयोजन बिहार प्रदेश के पटना में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के सभी प्रदेशों से एथलेटिक्स टीमें प्रतिभाग करेंगी जूनियर नेशनल मीट के लिए चयनित खिलाड़ियों में अंडर 16 बालक वर्ग में 80 मीटर रेस के लिए राहुल कुमार व नारायण का चयन तथा लंबी कूद के लिए संजय चौहान व सऊद का चयन तथा भाला फेक के लिए शाहिल व सुफियान का चयन व हर्डल रेस 80 मीटर के लिए राहुल कुमार व सुफियान का चयन किया गया है

# लहरपुर कार्यकारिणी का गठन किया गया।



**अमर ख्याल विपिन तिवारी**

**सीतापुर**। ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) के चीफ कोआर्डिनेटर अनुराग एम.सारथी के नेतृत्व में ऐप्जा की लहरपुर कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ऐप्जा के लहरपुर तहसील अध्यक्ष अभिनव त्रिवेदी, महामंत्री आकाश सिंह, तहसील प्रभारी एहतिशाम बेग, बने। उपाध्यक्ष देशप्रीत सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, संगठन मंत्री वसीम बेग, बादल भारती, सचिव निर्मल पांडेय, विपिन तिवारी, ओमकार वर्मा, शशांक शेखर शुक्ला को चुना गया। वही मीडिया प्रभारी हाशिम अंसारी, महासचिव बलराम मिश्रा,जगतपाल, शिवम अवस्थी, संरक्षक मौलाना सिराज, रमाशंकर शुक्ला सहित सदस्य के रूप में अजीत जयसवाल, जावेद आलम व आशीष गौड़ ने संगठन की सदस्यता ली। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को अनुराग सारथी ने माला पहनाकर स्वागत किया। गौरतलब है कि ऐप्जा के प्रभारी एहतिशाम बेग श्रमजीवी पत्रकार यूनियन इकाई लहरपुर के तहसील अध्यक्ष थे उन्होंने पूरी टीम सहित ऐप्जा की सदस्यता ली अनुराग एम. सारथी ने एहतिशाम बेग को तहसील प्रभारी के रूप में नवाज कर लहरपुर इकाई का गठन किया।

# रसोई गैस के बढ़े दामों के विरुद्ध कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



**अमर ख्याल । विपिन तिवारी**

**सीतापुर**। जनपद मे केंद्रीय भाजपा सरकार द्वारा गैस के दामों में लगातार की जा रही वृद्धि के विरुद्ध जिला/शहर कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन कर बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने की मांग की। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर पर 50 रुपये तथा कामर्शियल गैस सिलेंडर पर 350 रुपए की वृद्धि की गई है। जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने बताया कि रसोई गैस के दामों में भाजपा सरकार द्वारा लगातार वृद्धि की जा रही है। कामर्शियल सिलेंडर पर 350 रुपये बढ़ा दिए गए हैं जिससे छोटे छोटे होटलों और छोटे रेस्टोरेंट में भोजन महंगा हो जाएगा जिसकी मार भी आम आदमी की जेब पर पड़ेगी साथ ही साथ रसोई गैस में 50 रुपए की वृद्धि कर दी गई है और यह वृद्धि पहली बार नहीं हुई है, अनेकों बार दाम बढ़ाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जहां एक तरफ होली का त्यौहार है और ठीक त्यौहार से पहले रसोई गैस में 50 रुपए की वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार संवेदनहीन हो चुकी है और मध्यम वर्ग का मखौल उड़ा रही है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अडानी के गिरते शेयरों की भरपाई सरकार आम जनता से करने पर आमादा है। शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता के साथ खड़ी है और जब तक बढ़ी हुई कीमतें वापस नहीं हो जाती संघर्ष जारी रहेगा। कांग्रेसजनों ने लालबाग चौराहे पर गैस का सिलेंडर रखकर विरोध प्रदर्शन किया तथा कलेक्ट्रेट कैंपस तक पैदल मार्च करते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संतोष भार्गव, निर्मला चौधरी, अजय शुक्ला, अल्पना सिंह, नरेंद्र वर्मा, चोक्ष विभु, तारिक फारुकी, शमीना शफीक , अभव्या सिंह, संजय कुमार सनी, सुभाष राजवंशी, सुधीर पांडे, गुफरान खान अनुपमा द्विवेदी, अनुपम बाजपेई समेत अनेकों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह की अध्यक्षता में मासिक बैठक की गई

## दिव्यांग अधिनियम 2016 धरातल पर लागू किया जाए

**अमर ख्याल । अंकित मिश्रा**

**खैराबाद/ सीतापुर**। विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के कार्यालय के सभागार में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह के द्वारा की गई।

जिसमें जिले के समस्त ब्लॉकों से आए हुए दिव्यांग जन उपस्थित रहे। आये हुए सभी दिव्यांग भाई बहनों की समस्या ध्यानपूर्वक सुना और कहा सभी समास्याओं पर विचार विमर्श कर जल्द जल्द से समाधान कराया जाएगा । राष्ट्रीय महासचिव बिंदू मौर्या ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि दिव्यांग अधिनियम 2016 को धरातल पर लागू करना। जिससे दिव्यांगो को मदद मिला सकें। जिले के सभी कोतवाली, थाना में दिव्यांग अधिनियम 2016 के कानूनी अधिकार के बोर्ड लगाया जाए। इसी उपलक्ष्य में विजय पाल, सलाहकार प्रदीप कुमार मौर्य, रिंकू गुप्ता , सुशील कुमार, राम लखन, हरिलाल, रामकिशोर प्रजापति, टीकाराम कालिंद्री, मानसी, रामू, ,अनुज, गुड्डू, शिवपाल, हरिलाल आदि सदस्य व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हिंदू महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया



**अमर ख्याल राजेश कुमार**

**मथुरा।** अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नामित जिलाधिकारी मथुरा को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि भगवान कृष्ण जन्म भूमि मंदिर को तोड़कर औरंगजेब ने शाही ईदगाह के रूप में स्ट्रक्चर बनाया है, भगवान कान्हा का असली गर्भ ग्रह ईदगाह परिसर के नीचे है इसलिए कान्हा के जन्म स्थान असली गर्भ ग्रह में में होली खेलने की परमिशन दी जाए. हिंदू महासभा के पदाधिकारी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा अब योगी बाबा की सरकार है गुलाल लगाने की अनुमति मिलनी चाहिए, जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा भाजपा सरकार में परमिशन नहीं मिलेगी तो कब मिलेगी. युवा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा अब हिंदू जाग गया है होली मूल गर्भ ग्रह में ही होगी. जिला प्रभारी राजवीर दीक्षित ने कहा 3 मार्च से 8 मार्च तक कभी भी परमिशन दे दी जाए. इस मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीषा ठाकुर, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुनील महोली, सोनू कौशिक, प्रदीप चौहार, घनश्याम शर्मा, प्रकाश शर्मा, देवेंद्र पचौरी,राजेश पाठक, विजेंद्र सिंह, विक्रम मुद्गल, अरविंद प्रधान आदि मौजूद थे।

## 190 लीटर अवैध शराब व 1 भट्ठी सहित 15 अभियुक्त गिरफ्तार

**अमर ख्याल**

**सीतापुर।** जनपद मे पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम के लिये कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में दिनांक 01/02.03.23 को विभिन्न थानो की पुलिस टीमों द्वारा भिन्न-भिन्न स्थानों पर चेकिंग के दौरान कुल 190 लीटर अवैध शराब व 1 भट्ठी सहित 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गयी है। विवरण निम्न है-

1. थाना अटरिया- 30 ली0 अवैध शराब सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार।
2. थाना सिधौली- 10 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।
3. थाना संदना- 10 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।
4. थाना महोली- 10 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।
5. थाना रेउसा- 60 ली0 अवैध शराब सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार।
6. थाना मानपुर- 20 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।
7. थाना सकरन- 30 ली0 अवैध शराब व 1 भट्ठी सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार।
8. थाना हरगांव- 20 ली0 अवैध शराब सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

## नासिर और जुनैद के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर भीम आर्मी प्रदर्शन



**अमर ख्याल । राजेश कुमार**

**मथुरा।** हरियाणा राज्य में जुनैद और नासीर की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गुरुवार को भीम आर्मी के कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला कार्यालय पर दिया। भीम आर्मी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने मोदी सरकार मुदार्बाद के नारे लगाए। यहां पर सभी हरियाणा में 16 फरवरी को जुनेद और नसीर हत्याकांड को लेकर प्रदर्शन किया। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने कहा कि कथित गौ रक्षकों ने हत्या कर दी। इसके बाद उन्हें जला दिया गया। लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी न होने से समाज के लोगों में नाराजगी है। सभी कार्यकर्ता राज की छात्रावास के निकट वटवृक्ष से पैदल मार्च करते हुए जिला कार्यालय पहुंचे। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विक्की आजाद, आजाद समाज पार्टी कार्यकारिणी सदस्य सविता सिंह, अध्यक्ष प्रेम सिंह विमल, अध्यक्ष दिलीप सागर, डॉ मनोज प्रभाकर, राजेंद्र निमेष, एडवोकेट गावस्कर, करन मथुरिया एडवोकेट मानवेंद्र सिंह, डॉ मुन्ना बाबू, टीटू निमेश, रोहतास तवर, ओमप्रकाश आजाद सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वच्छ पेयजल है मानव शरीर के लिए सर्वोत्तम



**अमर ख्याल । अशोक कुमार रामगांव/बहराइच।** रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बौंडी फतेउल्लापुर विकास खण्ड तजवापुर जनपद बहराइच में आगा खान फाउंडेशन के निर्देशन में स्वच्छ पेयजल समिति की बैठक आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता गांव की ग्राम प्रधान शबनम खातून के द्वारा किया गया।इस बैठक में उपस्थित सभी ग्राम वासियों को स्वच्छ पेयजल पीने की सलाह दिया गया।इस बैठक में मोहम्मद यूसुफ खान,सुरेश कुमार यादव,सावित्री यादव,मेवालाल लोधी,रीता देवी,राधेश्याम, भूपेन्द्र कुमार,जकिया खातून,केसरिया,परवीन जहां,वीना सिंह,मोहम्मद आरिफ सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहें।

# बसपा नेताओं ने पार्टी और संगठन को मजबूत करने में लगाई ताकत

अमर ख्याल राजेश कुमार



मथुरा। बहुजन समाज पार्टी के हाईकमान के निर्देश पर स्थानीय बसपा संगठन के द्वारा जो अनवरत संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक में की जा रही है उसी क्रम में वरिष्ठ बसपा नेताओं ने बसपा चली गांव की ओर के तहत 2 जगहों पर बैठक का पार्टी और संगठन को मजबूत करने का सार्थक प्रयास किया। जानकारी के अनुसार बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश परम आदरणीय बहन कु. मायावती जी के दिशा निर्देशनुशार गांव चलो अभियान के तहत मथुरा वृन्दावन के सैक्टर नम्बर 14 सराय आजमाबाद व 41 पालीखेडा में कैडर कैंप लगाया गया कैंप में मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन एससी, एसटी आयोग उत्तर प्रदेश व बहुजन समाज पार्टी आगरा मंडल मुख्य जॉन इंचार्ज मा. गोरेलाल जाटव ने कहा आज उ.प्र.में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल जब मा.बहन कुमारी मायावती की सरकार थी तब उत्तर प्रदेश के हर विभाग में भर्तियां निकालकर कर के रोजगार देने का काम किया जैसे कि सफाई कर्मियों पुलिस विभाग शिक्षामित्र बीटीसी शिक्षक और भी अन्य विभागों में भर्तियां निकालकर के रोजगार देने का काम किया जब मा. बहन जी की सरकार थी तब कानून का राज कानून के द्वारा स्थापित था देश मे नया परिवर्तन लाना है 2024 में बहन कु. मायावती जी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है ईवीएम को हटाना है बैलेट पेपर को लाना है, आगरा मंडल जॉन इंचार्ज मा. सत्य प्रकाश कर्दम व मा. किशोर कुमार जिलाध्यक्ष विवेक सिंह जिला महासचिव ओमप्रकाश बघेल कोषाध्यक्ष डॉ. गुल मो. शाह जिलासचिव जितेन्द्र कर्दम विधानसभा अध्यक्ष राजाराम निगम पूर्व प्रभारी महेंद्र पाल व डा. अमर सिंह पूर्व वीवीएफ सयोजक मुकेश कुमार डा. सुरेश कुमार सेक्टर अध्यक्ष छत्रपाल सिंह व शैलेंद्र कुमार गौतम पूर्व पदाधिकारी गण सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फुटपाथ दुकानदारों को नगर निगम द्वारा उजाड़ने को लेकर दिया ज्ञापन

अमर ख्याल राजेश कुमार



मथुरा। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा के तत्वाधान में समाजसेवी रमेश सैनी जी अध्यक्ष महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय पर फुटपाथ विक्रेताओं पेंटर लोहार चार्ट वाले फल वाले सीट वाले पान वाले चाय वाले प्लास्टिक के बर्तन बेचने वाले सीट पोस्टर स्पीकर विक्रेताओं को विश्व प्रसिद्ध होली के त्योहार के मौके से पूर्व सैकड़ों लोगों को बेरोजगार किए जाने के विरोध में हल्ला बोल कर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी मथुरा नगर आयुक्त मथुरा एवं नगर मजिस्ट्रेट के नाम संयुक्त 7 सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान गगनभेदी नारेबाजी के बीच प्रशासन के तानाशाही गैर जिम्मेदार व्यवहार के खिलाफ लुकेश कुमार राही ने निंदा करते हुए बताया कि प्रशासन द्वारा भूतेश्वर से लेकर गोवर्धन चौराहे तक के मुख्य मार्ग को मॉडल रोड मॉडल मार्केट के नाम से विकसित कर सौंदर्य करण किया जा रहा है चार दशक से अपने परिवारों का भरण पोषण कर रहे पेंटर लोहार खोखा ढकेल फुटपाथ विक्रेता अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उपरोक्त उत्पाद विक्रेता नगर निगम प्रशासन द्वारा पंजीकृत एवं प्रमाणित है विकास के नाम पर विना वैकल्पिक व्यवस्था के हटाए जाने की आलोचना की 7 सूत्रीय ज्ञापन में होली से पूर्व किसी भी फुटपाथ विक्रेता को हटाया ना जाए पंजीकृत फुटपाथ ई विक्रेता वैकल्पिक व्यवस्था तत्काल चाहते हैं फुटपाथ विक्रेताओं पर सरकारी लोन बकाया है 14 दिन के अंदर अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो बाल बच्चों के साथ फुटपाथ विक्रेता आंदोलन को मजबूर होंगे समस्त फुटपाथ विक्रेताओं ने एक सुर में एकत्रित होकर वार्षिक त्यौहार होली से पूर्व महंगाई के जमाने में कारीगर मजदूर फुटपाथ पर काम करने वाले हुनरमंद लोगों को बेरोजगार किए जाने एवं बबार्दी की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है हटाने से पूर्व तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो कारीगर मजदूर फुटपाथ के आत्महत्या कोमजबूर होंगे हल्ला बोल प्रदर्शन के दौरान रमेश सैनी महेंद्र चौधरी सतवीर सिंह आसिफ गुड्डू शर्मा दिसंबर गोस्वामी साबिर मिस्त्री विशाल दशरथ शर्मा अतुल कुमार धीरज आगरा वाले अंकित हेमेंद्र सिंह अमर सिंह गौरव शर्मा श्याम सुंदर मानिक चंद शर्मा हनी शाकिर अजय कुमार मोहम्मद उमर राशिद दिनेश मिस्त्री निसार खान श्याम सुंदर रोहतास खबर भोला बाबू लाखन पेंटर दिनेश मिस्त्री प्रमोद विद्यार्थी गुंजन शर्मा देवेंद्र गोला उदय सिंह आकाश बाबू अतुल कुमार जीवनलाल आदि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# कृषि वानिकी कार्बन फायनेंस के माध्यम से कृषकों को वित्तीय लाभ हेतु कार्यशाला का आयोजन

अमर ख्याल । मधु



कुशीनगर। जनपद कुशीनगर के जिला पंचायत सभागार में वन विभाग द्वारा गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर को मिलाकर एक दिवसीय कृषि वानिकी में कार्बन फायनेंस के माध्यम से कृषकों को वित्तीय लाभ हेतु कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया ।जिला पंचायत सभागार कुशीनगर में आयोजित उत्तरप्रदेश में कृषि वानिकी में कार्बन फायनेंस के माध्यम से कृषको को वित्तीय लाभ क्षमता विकास पर विशेष वार्ता किया गया। इस कार्यशाला में गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर के वन क्षेत्राधिकारी के साथ साथ किसान भी उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम में गोरखपुर से आये वन उच्चाधिकारियों द्वारा किसानों को बताया गया कि आप सभी किसान भाई अपने खेतों में अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाइये और आपके पौधे बड़े होंगे तो वह अधिकारियों द्वारा उसका सर्वे कराकर उनको प्रोत्साहित किया जायेगा।

गोरखपुर से आये मुख्य वन संरक्षक गोरखपुर मण्डल भीम सेन ने भी वन क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया की आप लोग गाँवो में जा कर किसानों से मिलिये और उन्हें इस योजना के बारे में जानकारी दीजिये की वह अपने खेतों में पौधों को लगाना शुरू करे । कुशीनगर के डीएफओ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए बताया कि यह योजना मण्डल पर प्रसारित है लेकिन इन जनपदों में कृषि वानिकी कार्बन फायनेंस का कार्य लेट से शुरू होने के वजह से हम लोग पिछड़े हुए हैं ।सभी क्षेत्राधिकारिय हर ग्राम पंचायतों में जा कर प्रधान से मिलकर उनके गांव के किसानों के साथ बैठक कर उन्हें जागरूक करने का कार्य करे ।उन्हें समझाये की जितना ही अधिक पेड़ पौधे आप लोग लगाएंगे उतना ही आय का स्रोत बढ़ेगा और पर्यावरण स्वच्छ होगा क्योंकि पेड़ पौधे कार्बन डाई ऑक्साइड को कम करने का कार्य करते है।इस मौके पर एसीएफ रविन्द्र प्रताप सिंह ,कुशीनगर पडरौना के रेंजर घनशयाम शुक्ला, रामध्यान पाण्डेय, संदीप पटेल ,आकाश त्रिपाठी, एवं समस्त गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर के वन अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# जय अंबे जागरण मंच के तत्वधान में 1 मार्च को भव्य रूप से मनाया गया साईनाथ स्थापना दिवस

## साईनाथ स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर नव जोड़े विवाह बंधन में बंधे



अमर ख्याल । अशोक कुमार

मिहींपुरवा/बहराइच। मिहीपुरवा नगर में स्थित राम जानकी मंदिर में जय अंबे जागरण मंच मिहींपुरवा की तरफ से विगत 9 वर्षों से साईनाथ स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है,, उसी क्रम में आज दिन बुधवार को सुबह साईं नाथ की आरती के बाद साईं बाबा की पालकी नगर भ्रमण के लिए निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में भक्तगण शामिल हुए नगर में भ्रमण के दौरान जगह जगह लोगों ने जलपान की व्यवस्था कर रखी थी, साईं पालकी राम जानकी मंदिर से निकलकर बुद्धि लाल पेट्रोल पंप होते हुए छोटी बाजार से निकलकर बड़ी बाजार होते हुए राम जानकी मंदिर वापस पहुंची, इस साईं नाथ पालकी यात्रा के दौरान भक्त गण नाचते और थिरकते हुए शोभा बढ़ा रहे थे। उसके उपरांत बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण के रूप में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तगणो ने इस कार्यक्रम के भूरी भूरी प्रशंसा की। दोपहर 2:00 बजे 9 निर्धन कन्याओं का विवाह लग्न मुहूर्त में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न कराया गया, साथ ही स्थापना दिवस के दिन भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारे में पहुंचे भक्तजनों ने हजारों की संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुष बच्चे शामिल हुए। जय अंबे जागरण मंच के अरविंद कुमार बबलू द्वारा बताया गया,, विगत 9 वर्षों से लगातार 1 मार्च को सांई स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें हमारे जागरण मंच द्वारा निर्धन कन्याओं के विवाह के साथ अन्य कार्यक्रम भी संपन्न कराया जाता है,, साथ ही नव दंपत्ति के विदाई के वक्त दैनिक उपयोग की वस्तुओं भी भेंट की जाती है। कार्यक्रम के दौरान थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह के साथ पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद कुमार मद्धेशिया, सुशील कुमार मद्धेशिया ,रूपेश पोरवाल, बद्री पोरवाल ,दिनेश तिवारी, मदन लाल श्रीवास्तव, संजय मद्धेशिया, उत्तम शाहा, प्रेम प्रकाश सिंह आदि लोगों का भरपूर सहयोग मिला।

**वाराणसी/दिनाँकः 02 मार्च 2023 (सू0वि0)**

## स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेण्टर (एसआईआईसी), वाराणसी में युवाओं को अंग्रेजी भाषा सीखने का मौका

### अंतर्राष्ट्रीय रोजगार पाने में होगी सहूलियत

**वाराणसी।** स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेण्टर, वाराणसी जो कि एनएसडीसी इंटरनेशनल के तत्वावधान में कार्य कर रहा है, जिसके माध्यम से कुशल युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय नियोक्ताओं से जोड़कर विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में एनएसडीसी इंटरनेशनल, कैंब्रिज-लैमरिन टैक स्किल यूनिवर्सिटी के माध्यम से युवाओं को अंग्रेजी भाषा सिखाई जा रही है जिसका औपचारिक उद्घाटन आज दिनांक 02 मार्च 2023 को श्री वेद मणि तिवारी, सीईओ एनएसडीसी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में श्री वेद मणि तिवारी ने बताया कि सेण्टर के माध्यम से विदेश में नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को अंग्रेजी सिखाकर और दक्ष बनाने का कार्य किया जा रहा है जिससे कि भाषा की समस्या को दूर किया जा सके और अधिकाधिक उम्मीदवारों का चयन कराया जा सके। साथ ही आगे चल कर सेण्टर पर जर्मन, जापानी एवं फ्रेंच इत्यादि भाषाओँ को भी सिखाया जायेगा। उद्घाटन समारोह में दुबई के लिए चयनित उम्मीदवारों को ऑफर लेटर एवं मैडल दे कर प्रोत्साहित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य कि कामना की गयी।

**वाराणसी/दिनाँकः 02 मार्च 2023 (सू0वि0)**

## होली के त्योहार के मद्देनजर जिले में खाद्य विभाग की छापेमारी जारी

**वाराणसी।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0, लखनऊ के पत्र सं० - एफ०एस०डी०ए० / होली अभि0/2022-23/978 दिनांक 27.02.2023 व जिलाधिकारी महोदय, वारणसी के निदेर्शानुसार आगामी होली पर्व के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से समस्त खाद्य / पेय पदार्थ विशेषकर - खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, विभिन्न प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयॉ, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा इत्यादि खाद्य पदार्थों / पेय पदार्थों में अपमिश्रण पर प्रभावी रोकथाम हेतु अभिसूचना आधारित विशेष प्रवर्तन कार्यवाही कराये जाने के उद्देश्य से श्री संजय प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य)क्क / अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, वाराणसी के आदेश पत्रांक- 786/एफ0एस0डी0ए0 / अभि० / 2022 - 23 दिनांक 27.02.20203 के अनुपालन में गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारयों के प्रवर्तन दल द्वारा दिनांक 01.03.2023 की देर शाम एवं आज दिनांक 02.03.2023 को जनपद- वाराणसी के विभिन्न स्थानों- सिकरौल, भोजूबीर, पहड़िया, खजुरी, पांडेयपुर, सेनपुरा, गोदौलिया, रमापुरा, कोटवा, सलारपुर, जाल्हुपुर, रमना, इण्डस्ट्रियल एरिया करखियांव, रूपापुर, कपसेठी, गौराकला बाजार, रमरेपुर स्थित कुल 55 प्रतिष्ठानों के निरीक्षण करते हुये 20 छापामार कार्यवाही में खाद्य पदार्थ झ्र मिक्स मसाला, दूध, पापड़, कचरी, नमकीन, किशमिश, दही, बेसन लड्डू, खोया, सरसो के तेल, छेना, बेसन, हल्दी पाउडर, मैदा इत्यादि के कुल 34 नमूनें वास्ते गुणवत्ता जॉच हेतु संग्रहित किये गये। उक्त कार्यवाही के दौरान इण्डस्ट्रियल एरिया करखियांव, वाराणसी स्थित खाद्य तेल पैकिंग प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु संग्रहित खाद्य पदार्थ सरसो तेल के निम्न गुणवत्ता होने के संदेह के आधार पर नमूना संग्रहण करने के उपरान्त कुल 118 लीटर सरसो तेल मूल्य रूपया 22500 /- जब्त कर सीज किया गया तथा जाल्हूपुर, रमना, वाराणसी स्थित निर्माण इकाई के निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ नमकीन के निम्न गुणवत्ता व मिथ्याछाप होने के संदेह के आधार पर नमूना संग्रहण करने के उपरान्त कुल 446 पैकेट नमकीन (कुल मात्रा 178.4 कि०ग्रा०) मूल्य रू 28990 / - जब्त कर सीज किया गया। इस प्रकार दिनांक 01.03.2023 से चलाये जा रहे अभियान में अब तक कुल 55 प्रतिष्ठानों के निरीक्षण कर 20 छापामार कार्यवाही में कुल 34 नमूनें संग्रहित किये गये हैं। संग्रहित नमूनों के जाँच परिणाम प्राप्त के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उक्त छापामार कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अमित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री रमेश सिंह, श्री योगेश कुमार राय, श्री गोबिन्द यादव श्री अवनीश कुमार सिंह, श्री मानवेन्द्र कुमार सिंह, श्री रजनीश कुमार, श्री सीताराम सिंह कुशवाहा, श्री राजू पाल, श्री विजय बहादुर, श्रीमती बेबी सोनम, श्रीमती सुप्रिया सिंह, श्रीमती रीता, श्री शीत कुमार सिंह, श्री सम्राट श्रीवास्तव, श्री सुरेन्द्र प्रताप नारायण सिंह, श्री सरोज कुमार, श्री राकेश, श्री महातिम यादव, श्री राजकुमार यादव, सहायक आयुक्त (खाद्य )क्क / अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, वाराणसी श्री संजय प्रताप सिंह के निर्देशन में मौजूद रहे।

**वाराणसी/दिनाक 02 मार्च, 2023 (सू0वि0)**

### स्मार्ट चिप की आपूर्ति 31 मार्च तक नियमित हो जायेगा

## अप्रैल से स्मार्ट कार्ड लाईसेंस की प्रिंटिंग व डिस्पैच का कार्य नियमित हो जायेगा

**वाराणसी।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि स्मार्ट कार्ड लाईसेंस की प्रिंटिंग, परिवहन आयुक्त कार्यालय, लखनऊ में स्मार्ट चिप प्रा०लि0 के द्वारा किया जाता है, लाईसेंस में प्रयुक्त होने वाले चिप का आयात यूरोपीय देशों से किया जाता है, जिसकी सप्लाई बाधित थी, जिसके अभाव में स्मार्ट कार्ड लाईसेंस जारी नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि चिप की आपूर्ति 31 मार्च तक नियमित हो जायेगा और माह अप्रैल से स्मार्ट कार्ड लाईसेंस की प्रिंटिंग व डिस्पैच का कार्य नियमित हो जायेगा। आवेदक अपनी सुविधा के लिये सारथी पोर्टल पर आपने डीएल का स्टेटस चेक कर सकते है तथा चेकिंग के दौरान जॉच अधिकारी भी सारथी पोर्टल पर आवेदक के लाईसेंस की क्रास चेकिंग कर सकते है।

**वाराणसी/दिनाक 02 मार्च, 2023 (सू0वि0)**

## जलकल विभाग द्वारा डाफी में अन्य स्थान पर पड़ी सीवर लाईन व सीवर मैनहोल की सफाई करा दी गयी है


**वाराणसी। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि जलकल विभाग नगर निगम के अवर अभियंता एवं नगर निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर द्वारा डाफी में स्थल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया, जिस स्थान पर सड़क में पानी और किचढ पाया गया, वहां पर सीवर लाईन ही नहीं है। उन्होंने बताया कि उक्त स्थल पर डाफी के नागरिकों के द्वारा किचेन और बाथरूम का पानी सड़क पर बहाया जाता है तथा उन मकानों में सीवर निस्तारण हेतु सैपिटक टैंक बने हुये है। जल निकासी हेतु नालियां भी नहीं बनी है। जलकल विभाग द्वारा डाफी में अन्य स्थान पर पड़ी सीवर लाईन व सीवर मैनहोल की सफाई करा दी गयी है एवं नगर निगम द्वारा सड़क की सफाई कराते हुए ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव करा दिया गया है। नगर निगम में नवसम्मिलित क्षेत्र डाफी को सीवर लाईनो से आच्छादन हेतु उ०प्र० जल निगम द्वारा अमृत 2.0 के अन्तर्गतक शासन को स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।**

# पीड़िता ने लगाया पति की हत्या का आरोप

# लहरपुर कोतवाली प्रभारी को दिया प्रार्थना पत्र,ग्राम महसी का मामला

अमर ख्याल । विपिन तिवारी

लहरपुर(सीतापुर)- लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महशी निवासी शांति देवी पत्नी जोखेलाल ने लहरपुर कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र देते हुए यह आरोप लगाया कि उनका पति जोखेलाल छोटे हाथी की किस्त जमा करने के लिए ?42000 लेकर अपने छोटे हाथी से लखीमपुर स्थित बैंक में किस्त जमा


सेवा मे
श्रीमान कोतवाली प्रभारी महोदय
तहसील लहरपुर जिला सीतापुर।

करने जा रहा था। तभी रास्ते में अरविंद मौर्या पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम मुसियाना ने रोककर कहा कि हमारा भाड़ा सीतापुर से ले आओ। प्रार्थी के पति सीतापुर भाड़ा लेने गए यह बात उनसे उसके पति ने फोन के माध्यम से बताया था। उसी बीच में अरविंद मौर्या ने जहर देकर उक्त धनराशि व मोबाइल लूटकर उनके पति को मारने की नीयत से जहर खिला दिया। और उक्त प्रकरण से बचने के लिए सरकारी अस्पताल सीतापुर में डॉक्टर को पैसे देकर भर्ती करा दिया। जब इसकी सूचना 5:00 बजे दूध वाले ने पीड़िता को दी तो प्रार्थिनी 8:00 बजे सीतापुर अस्पताल पहुंची वहां मौजूद डॉक्टर ने पति का मृत शरीर प्रार्थिनी को दिखाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बाबागंज में मैरेज हॉल का हुआ भव्य उद्घाटन

अमर ख्याल अशोक कुमार



बाबागंज बहराइच। कस्बा के राष्ट्रीय राजमार्ग पर वृहस्पतिवार को नवनिर्मित मैरिज हॉल का शुभारंभ किया गया। पूर्व प्राचार्य नेहरू स्मारक इण्टर कालेज रुपईडीहा एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा जगत नारायण मिश्रा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान सिया राम वर्मा, दया राम शर्मा, बिहारी लाल शर्मा, राम दुलारे, पत्रकार रावेंद्र शर्मा, भुवन भास्कर वर्मा, अशोक कुमार पाठक, डॉ. सलीम अहमद सिद्दीकी, पूर्व प्रधान बनकुरी मो. अख्तर, प्रधान शफी अहमद समेत काफी संख्या में कस्बा बाबागंज व आस पास के गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बाबागंज मैरिज हाल संचालक पूर्व ब्लाक प्रमुख मो. रफी ने कहा कि बाबागंज मैरेज हॉल कस्बा वासियों के लिए बेहतर सुविधा जनक साबित होगा। तथा लोगों को विवाह सहित अन्य पार्टियों के आयोजन को लेकर सभी सुविधाओं के साथ पर्याप्त जगह मिलेगा। जिससे लोग उत्सव का आयोजन बेहतर ढंग से कर पाएंगे। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पार्क में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

अमर ख्याल । अशोक कुमार



बहराइच। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी , मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी महेन्द्र वर्मा तथा विशेष सचिव आयुष हरिकेश चौरसिया द्वारा दिए गए आदेश एवम निर्देश के क्रम में जनपद के घंटाघर पार्क तथा इन्दिरा उद्यान में कल से प्रातः 7.15 बजे से 8.00 बजे तक तथा 8.15 बजे से 9.00 बजे तक योग विशेषज्ञों द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रातः 8 से 9 बजे तक आयुर्वेद, यूनानी तथा होम्योपैथी विभाग के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी जा रही है।जिसका मूल उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा रोगी के विकार का शमन करना है।

इसी क्रम में प्रतिदिन आयोजित होने वाले इस शिविर में आज दूसरे दिन घन्टाघर पार्क तथा इन्दिरा उद्यान में वृहद योगाभ्यास एवम चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें इन्दिरा उद्यान में आयुर्वेद चिकित्सक डाक्टर चेतन आनंद, यूनानी चिकित्सक डाक्टर सुल्ताना नवाब तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डाक्टर आशीष कुमार वर्मा ने योगाभ्यासियों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया तथा योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार वर्मा, दीप नारायन पाल और योग सहायक राकेश कुमार दुबे ने योगाभ्यास कराया तथा घन्टाघर पार्क में यूनानी चिकित्सक डाक्टर सरवर आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉक्टर संतोष कुमार वर्मा एवं होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर रोहित कुमार वर्मा ने चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया तथा योग प्रशिक्षक गया प्रसाद, शीला वर्मा एवम योग सहायक रमेश कुमार ने योगाभ्यास कराया।

# सार्वजनिक तालाब पर अवैध कब्जा के खिलाफ प्रशासन शख्त, काजी शहर के नाम पर सार्वजनिक तालाब की पटाई को राजस्व निरीक्षक ने रूकवाया

## साक्ष्य और मौका की वस्तुस्थिति के आधार पर प्रथम दृष्टया तालाब,जिसकी गहन जांच कर होगी कड़ी वैधानिक कार्रवाई- राजस्व निरीक्षक शहर संजय सिंह





**वाराणसी/रोहनिया।** सरायसुर्जन मौजे मे सार्वजनिक तालाब अवैध तरीके से पाटने की शिकायत पर जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन मे राजस्व निरीक्षक शहर संजय सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल ऋषि दुबे सहित बजरडीहा पुलिस अभिलेखो मे हेराफेरी कर साजिश के तहत सैकड़ो वर्षो के सार्वजनिक पोखरे को मलवा से पाटकर हो रहे कब्जे की शिकायत पत्र पर राजस्व अभिलेखो के साक्ष्य एवं मौके पर दिख रहा तलाब के आधार पर अवैध तालाब पाटने के कार्य को राजस्व अधिकारियो ने रोकवाते हुये कहा कि जब तक जांच पूर्ण नही हो जाती तब तक मलवा पाटने का कार्य नही होगा। साथ ही जांच पूर्ण होने तक कोई भी कार्य विवादित स्थल पर नही होगा, सरायसुर्जन परगना- देहात अमानत तहसील सदर जिला- वाराणसी आराजी नंबर 303, 304, 305, 306 पर सैकड़ो वर्षो से सार्वजनिक पोखरा राजस्व अभिलेख 1291 फसली में तालाब के खाते में दर्ज है व 1356 - 1359 फसली में भी पोखरी व बंजर के रूप मे दर्ज है जिसको जावेद इकबाल वगैरह पुत्र मोहम्मद यासीन काजी शहर वाराणसी के लड़के निवासी मकान नंबर बी 17/63 तिलभांडेश्वर, रेवड़ी तालाब फर्जी तरीके से राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी करके अपना नाम चढ़वाकर, सार्वजनिक पोखरी मे मलवा पाटकर सार्वजनिक तालाब पर प्लाटिंग करने का शिकायत पत्र सामाजिक संस्था प्रबोधिनी फाउण्डेशन एवं सलमतिया कब्रिस्तान सरायसुर्जन के मोतवल्ली ने दिया था, मोतवल्ली अब्दुल रहमान ने कहा कि उक्त पोखरे मे हाथ पैर धोकर कब्रिस्तान मे नमाज अदा करने एवं सबेबारात के दिन सलमतिया कब्रिस्तान के साथ उक्त तालाब की भी सजावट दशको से होती चली आ रही है, जिसमे पहले नाव वगैरह भी चला करती थी लेकिन मुस्लिम धर्म गुरू काजी शहर मोहम्मद यासीन के पुत्र मोहम्मद जावेद वगैरह दशको पुराने पोखरे को बहुत तेजी से मलवा पाटकर अवैध तरीके से बेचने की साजिश कर रहे है , इन लोगों के पास उपरोक्त आराजी के संबंध में स्वामित्व का कोई भी आधार नहीं है , जिसकी गहन जांच कराकर तालाबो के संरक्षण के संदर्भ मे माननीय न्यायालय सुप्रीमकोर्ट मुकदमा संख्या 4787 के अनुपालन मे तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे तलाबो के संरक्षण अभियान के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग किये। सार्वजनिक पोखरे पर साजिश के तहत हो रहे कब्जे को रोकवाते हुए राजस्व निरीक्षक संजय सिंह एवं क्षेत्रीय लेखपाल ऋषि दुबे ने कहा कि अभिलेखो की निष्पक्षता से एवं गंभीरता से जांच हो रही है ,

प्रथम दृष्टया तलाब दिख रहा है , क्योकि राजस्व अभिलेखो मे पोखरी दर्ज है जिसकी रेकार्ड रूम सहित अन्य राजस्व अभिलेखो से सत्यापन कराया जायेगा अगर पुष्टि हो गयी तो कठोर वैधानिक कार्रवाई करते हुये जनहित मे माननीय न्यायालय सुप्रीमकोर्ट के तालोबो के संरक्षण के आदेश का अनुपालन कराया जायेगा लेकिन अगर राजस्व अभिलेख मे पुष्ट नही हुआ तो अनावश्यक किसी को परेशान नही किया जायेगा लेकिन कानून का उल्लंघन करने वालो पर सख्त कार्रवाई होगी। मौके पर जांच के समय शिकायत कर्ता सामाजिक संस्था प्रबोधिनी फाउण्डेशन के कार्यकर्ताओ के साथ भारी संख्या मे क्षेत्रीय लोग तालाब होने की गवाही दिये जिसमे प्रमुख रूप से मोहम्मद अजीज, वसीम, अब्दुल रहमान, असरफूदीन , मोख्तार , समीर सिंह ?विशाल?, मनीष तिवारी, अतुल पाण्डेय सहित अधिवक्ता स्वतंत्र कुमार इत्यादि ने राजस्व अधिकारियो के सामने साक्ष्य के साथ सार्वजनिक तालाब का पक्ष रखा।

# अमेरिकी शिक्षाविद ने पढ़ाई के तरीके की सराहना

## (निपुण भारत बनाने में हर संभव मदद करेगा गेट्स फाउंडेशन)






**(दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे अमेरिकी शिक्षाविद ने प्राथमिक विद्यालय में जाना पढ़ाई का तरीका)**

**मिजार्मुराद।** अमेरिकी शिक्षाविद और बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के ग्लोबल डाइरेक्टर बेंजामिन पाइपर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की मेधा और पढ़ाई के तरीके की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने और निपुण भारत को सफल बनाने के लिए गेट्स फाउंडेशन हर संभव सहयोग करेगा। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मिनपाइपर ने सेवापुरी विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय सगुनहाँ और दौलतिया, चोलापुर विकासखंड के हाजीपुर प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में पठान पाठन के लिए निपुण भारत मिशन अभियान को सफल बनाने के लिए बीएससी अरविंद पाठक प्रयासो को आभार जताया। बड़ागाँव ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सगुनहाँ पहुंचे बेंजामिन ने भाषा की कक्षा का अवलोकन किया और शिक्षिका के पढ़ाने के तरीके को समझा । बेंजामिन ने विद्यालय के सभी शिक्षकों से बात करते हुए यह समझने का प्रयास किया की वर्तमान शिक्षण सत्र में निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विकसित सामग्रियों ने शिक्षण प्रक्रिया पर क्या प्रभाव डाला है । विद्यालय के शिक्षक और प्रधानाध्यापक ने सामग्रियों की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सीखने का सबसे बेहतर उपाय माना । शिक्षकों का कहना था की हम इनके माध्यम से एक संरचित शिक्षण प्रक्रिया की ओर आगे बढ़ रहे हैं । बाद में बेंजामिन के नेतृत्व में टीम सेवापुरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय दौलतिया भी पहुंची यहाँ उन्होंने गणित की कक्षाओं का अवलोकन किया और सभी शिक्षकों से बातचीत की। उनसे गणित की शिक्षण प्रक्रिया , निपुण सामग्रियों की संरचना , शिक्षण में आ रही चुनौतियों को समझा ।

28 फरवरी को विजिट के अगले चरण में टीम चोलापुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर गई । जहां उन्होंने कक्षा 1 और 3 में चल रही भाषा की कक्षाओं का अवलोकन किया और शिक्षकों से संवाद किया । विजिट के बाद बेंजामिन पाइपर ने अपनी ओर से जनपद के सभी एसआरजी संबंधित ब्लॉक के बी ईओ और एआरपी को रेस्टोरेंट में धन्यवाद भोज दिया । इस धन्यवाद भोज में बेंजामिन पाइपर ने उपस्थित सभी शिक्षको से उनके कार्य को संपादित करने में आने वाली चुनौतियों की जानकारी ली।

यह भी समझा की एलएलएफ उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनकी किस प्रकार मदद कर सकती है । सभी बीईओ और एसआरजी, एआर पी ने उनके सामने अपने काम के दौरान आने वाली चुनौतियों को खुलकर साझा किया । विजिट के दौरान बेंजामिन के साथ एलएलएफ की केन्द्रीय टीम से वेंकट रमना , सुप्रिया घोष , मंजु मोहनदास सीएसएफ की ओर से अनस्तूप नायक , जयश्री , और राघव सागर, संजीव श्रीवास्तव , जिला प्रबंधक बिमलेश कुमार ,जिला अकादमिक समन्वयक अजहर जहीर , तसनीम कौशर , सौम्या सिन्हा , अरुण द्विवेदी, अरुण मिश्र सहित तमाम लोग शामिल थे।

# वाराणसी/दिनाक 02 मार्च, 2023 (सू0वि0)

# डा0 आर0पी0घाट पर एस0पी0एस0 25 एम0एल0डी0 क्षमता के लिये बना है

वाराणसी। अधिशासी अभियंता, जलनिगम ने बताया कि डा० आर०पी०घाट पर एस०पी०एस० 25 एम०एल०डी० क्षमता के लिये बना है, जो अधिकतम 50 एम0एल0डी0 सीवर पीक आवर में पम्पिंग करने के लिये सक्षम है। सामान्यतया डा० आर०पी०धाट पर सीवर 20-25 एम०एल० डी० एवं पीक आवर में 50 एम०एल०डी० से कम प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अधिष्ठापित पम्पों में वियर एण्ड टियर के कारण दोष उत्पन्न हुआ है, जिसे 2 दिन में ठीक करा दिया जायेगा। आज गुरुवार को प्रातः पीक आवर में सीवर लगभग 40 एम०एल०डी० प्राप्त होने के

फलस्वरुप कोई ओवरफ्लो की स्थिति उत्नन्न नहीं हुई है। कुछ विशेष दिनों में जब श्रद्धालुओं की संख्या अधिक हो जाती है, तब की स्थिति में डा० आर०पी०घाट पम्पिंग स्टेशन पर सीवेज 50 एम०एल०डी० से अधिक प्राप्त होने की स्थिति में ओवरफ्लो उत्पन्न होने जैसी समस्या हो जाती है। उक्त समस्या के अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक समाधान के संबंध में उन्होंने बताया कि अल्पकालिक समाधान के रूप में वि०/यां० उपकरणों की क्षमता में तत्काल बृध्दि की जायेगी, जिससे 60 एम0एल0 डी0 तक के पिक सीवर फ्लो को पम्प किया जा सकेगा, जिसमें लगभग 6 माह का समय लगेगा। जबकि दीर्घकालिक समाधान में क्षेत्रीय जनसंख्या एवं श्रद्धालुओं की जनसंख्या लगातार बढ़ने से 60 एम०एल०डी० से अधिक प्राप्त होने वाले सीवेज के दृष्टिगत

डा०आर०पी०घाट पम्पिंग स्टेशन की क्षमता बृध्दि एवं जीर्णोद्धार हेतु डी०पी०आर० बनाकर स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित किया जायेगा। स्वीकृति के पश्चात 2 वर्षो में जीर्णोद्धार एवं क्षमताबृध्दि का कार्य पूर्ण हो पायेगा।

# वाराणसी/दिनाक 02 मार्च, 2023 (सू0वि0)

## वाराणसी नगर निगम द्वारा टेण्डर के माध्यम से ए०जी० एनवायरों प्रा०लि० को लेटर आफ एक्सटेंशन को जारी किया गया है


**वाराणसी।** अपर नगर आयुक्त ने बताया कि वाराणसी नगर निगम द्वारा टेण्डर के माध्यम से 07.02.2020 को विड मे कम्पनी मे० ए०जी० एनवायरों प्रा०लि० को लेटर आफ एक्सटेंशन को जारी किया गया है। उक्त कम्पनी मे० ए०जी० एनवायरो इस प्रोजेक्ट प्रा०लि० का सर्टिफिकेट आफ इन कार्पोरेशन 22 दिसम्बर, 2004 स्थान मुम्बई है। उन्होंने बताया कि कम्पनी एक्ट 2013 के तहत मे० ए०जी० ए०जी० एनवायरों इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रालिक द्वारा एस०पी०वी (स्पेशल पर्पज व्हीकल) के माध्यम से वाराणसी वेस्ट सोल्यूशन प्रा०लि० को टेण्डर अनुबन्ध हस्ताक्षर हेतु अधिकृत किया गया। वाराणसी वेस्ट सालूशन प्रा०लि० का पंजीकरण 07.05.2020 को कम्पनी एक्ट 2013 के माध्यम से हुआ हैं। नगर निगम एवं वाराणसी वेराट सॉल्यूशन प्रा०लि० के मध्य सितम्बर, 2020 को अनुवन्ध की कार्यवाही किया गया।

# पोंटिंग को वार्नर के टेस्ट करियर के दुखद अंत का डर



**एजेंसी ■ मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को डर है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे डेविड वार्नर पर एशेज श्रृंखला से बाहर होने का खतरा है और लंबे समय से बल्ले से नाकाम रहने के बाद उनके टेस्ट करियर का दुखद अंत हो सकता है। पोंटिंग को लगता है कि वार्नर इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली एशेज टीम में जगह पाने के लिए संघर्ष करेंगे और उनका टेस्ट करियर शायद उनकी शर्तों पर खत्म नहीं होगा। वार्नर का भारत दौरे पर प्रदर्शन निराशाजनक रहा जहां उन्होंने कोहनी में फ्रेक्चर के कारण स्वदेश लौटने से पहले तीन पारियों में एक, 10 और 15 रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2019 में पिछले इंग्लैंड दौरे पर सिर्फ 9.5 के औसत से रन बनाए थे। पोंटिंग ने आरएसएन क्रिकेट से कहा मैंने उन्हें अपने चक्र के बारे में बात करते हुए सुना है। मौजूदा चक्र विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के बाद समाप्त हो जाएगा जो स्पष्ट रूप से पहले एशेज टेस्ट से एक सप्ताह पहले है और मुझे लगता है कि सब कुछ ठीक रहा तो वह कम से कम इस टेस्ट मैच के अंत तक डेविड को अपने साथ रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा,



हालांकि यह उस पर निर्भर करेगा। एक बल्लेबाज के रूप में आप सिर्फ रन ही बना सकते हैं और अगर आप रन नहीं बनाते तो मुश्किल स्थिति में फंस जाते हैं। पोंटिंग ने कहा, यह हम सभी के साथ हुआ है, यह मेरे साथ हुआ है। जब आप एक निश्चित उम्र तक पहुंच जाते हैं और ऐसा लगता है कि आपका फॉर्म थोड़ा सा गिर रहा है, तो आलोचक हावी हो जाते हैं और फिर ज्यादा समय नहीं लगता। पोंटिंग को लगता है कि वार्नर को पिछली गर्मियों में मेलबर्न में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में दोहरा शतक बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट छोड़ देना चाहिए था जो उनका 100वां मैच भी था या फिर सिडनी में अपने घरेलू मैदान पर अगले मैच के बाद उन्हें ऐसा करना चाहिए था। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, वह जिस तरह चाहता था उस तरह खत्म करने के लिए मेरे हिसाब से शायद सिडनी टेस्ट के बाद उसे ऐसा करना चाहिए था। उसने मेलबर्न में 200 रन बनाए, अपना 100वां टेस्ट खेला, अपना 101वां टेस्ट सिडनी में खेला जो उसके घरेलू मैदान पर था और शायद वहीं खत्म कर देता।

# लियोन के आठ विकेट से भारत 163 रन पर सिमटा

## ऑस्ट्रेलिया को 76 रन का लक्ष्य



**एजेंसी ■ इंदौर**

चेतेश्वर पुजारा के अर्धशतक के बावजूद भारत नाथन लियोन (64 रन पर आठ विकेट) की फिरकी के जादू के सामने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को दूसरी पारी में 163 रन पर ढेर हो गया जिससे मेहमान टीम को 76 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया की टीम अब शुक्रवार को तीसरे दिन लक्ष्य हासिल करके जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह सुनिश्चित करने के इरादे से उतरेगी। स्पिन की अनुकूल पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को एक बार फिर जूझना पड़ा और पुजारा (142 गेंद में 59 रन, पांच चौके, एक छक्का) के अलावा कोई बल्लेबाज लियोन का डटकर सामना नहीं कर पाया। लियोन ने मैच में 99 रन देकर 11 विकेट चटकाए। पुजारा के अलावा सिर्फ श्रेयस अय्यर (26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। भारतीय बल्लेबाजों को खराब शॉट चयन का खामियाजा भी भुगतना पड़ा जबकि ऑस्ट्रेलिया ने शानदार क्षेत्ररक्षण किया।भारतीय टीम बुधवार को पहली पारी में सिर्फ 109 रन पर सिमट गई थी जिसके बाद गुरुवार को सुबह के सत्र में तेज गेंदबाज उमेश यादव और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 197 रन पर समेटकर मेजबान टीम की वापसी की उम्मीद जगाई। ऑस्ट्रेलिया ने 88 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। खराब फॉर्म से जूझ रहे लोकेश राहुल की जगह टीम में शामिल शुभमन गिल (05) एक बार फिर नाकाम रहे और लियोन की गेंद को आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए। लियोन ने इसके बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (12) को पगबाधा किया जो गेंद ही लेंथ को पूरी तरह से चूक गए। विराट कोहली (13) बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन की गेंद पर चौका जड़ने के बाद अगली गेंद को काफी पीछे जाकर खेलने की कोशिश में पगबाधा हो गए। रविंद्र जडेजा (07) भी चाय के विश्राम से ठीक पहले लियोन की गेंद पर पगबाधा हुए। मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के डीआरएस का सहारा लेने पर उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। पुजारा हालांकि एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ अपने डिफेंस पर भरोसा किया और आगे बढ़कर तथा बैकफुट पर भी कुछ अच्छे शॉट खेले। चाय के बाद अय्यर ने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने कुहनेमैन के लगातार ओवरों में छक्के मारे जबकि लियोन पर भी लगातार दो चौके जड़े। अय्यर हालांकि मिशेल स्टार्क की गेंद को फ्लिक करने की कोशिश में हवा में खेल गए और उस्मान ख्वाजा ने बाईं ओर गोता लगाते हुए उनका शानदार कैच लपका। उन्होंने 27 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से 26 रन बनाए। श्रीकर भरत (03) ने एक बार फिर निराश किया और लियोन की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हो गए जिससे भारत का स्कोर छह विकेट पर 118 रन हो गया। इस समय टीम को 30 रन की बढ़त हासिल थी। पुजारा ने इसके बाद अश्विन के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। उन्होंने कुहनेमैन की गेंद पर एक रन के साथ 108 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पुजारा 51 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब कुहनेमैन की ऑफ साइड से बाहर की ओर स्पिन होती गेंद को हवा में खेल बैठे लेकिन एक्स्ट्रा कवर पर मुश्किल मार्नस लाबुशेन कैच लपकने में नाकाम रहे। रविचंद्रन अश्विन (16) ने कुहनेमैन पर चौका जड़ा लेकिन अगले ओवर में लियोन ने उन्हें पगबाधा करके करियर में 23वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। पुजारा क्रीज पर ठोस नजर आ रहे थे लेकिन लियोन की गेंद पर लेग स्लिप में कप्तान स्टीव स्मिथ ने शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी का अंत किया। उमेश यादव (00) भी लियोन की गेंद पर छक्का जड़ने की कोशिश में डीप मिडविकेट बाउंड्री पर कैमरन ग्रीन को कैच दे बैठे। अक्षर पटेल (नाबाद 15) ने लियोन पर छक्का जड़ा लेकिन इस ऑफ स्पिनर ने मोहम्मद सिराज को पगबाधा करके भारतीय पारी का अंत किया। सुबह के सत्र में उमेश और अश्विन की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को समेटा।

## एक नजर

### मुनार ने शीर्ष वरीय मुसेटी को हराकर चिली ओपन से बाहर किया

**सेंटियागो (चिली)।** स्पेन के जेउमे मुनार ने यहां चिली ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय लोरेंजो मुसेटी को सीधे सेट में हराकर उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इटली के दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी मुसेटी के खिलाफ मुनार ने 6-4 6-4 से जीत दर्ज की। दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी मुनार अगले दौर में ब्राजील के थिएगो मोंटेइरो से भिड़ेंगे जिन्होंने इटली के मार्को चेचिनातो को बुधवार को 3-6 6-3 6-2 से हराया। एक अन्य मुकाबले में जर्मनी के क्वालीफायर यानिक हैफमैन ने रॉबर्टो कार्बालेस बेइना को 7-6(6) 6-2 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

### एकापुल्को में क्वालिफायर डेनियल से हारे रूड


**एकापुल्को (मैक्सिको)।** दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी कैस्पर रूड को बुधवार को यहां मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में क्वालीफायर टेरो डेनियल के खिलाफ तीन सेट में हार का सामना करना पड़ा। डेनियल ने रूड के खिलाफ 7-5 2-6 7-6(5) से जीत दर्ज की जो विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ उनकी पहली जीत है। डेनियल क्वार्टर फाइनल में एलेक्स डि मिनोर से भिड़ेंगे जिन्होंने जेकोपो बेरेटिनी के खिलाफ 6-। 6-0 से आसान जीत दर्ज की। बुधवार को अन्य मुकाबलों में फ्रांसिस टियाफो ने फेलिसियानो लोपेज को 6-2 7-6(6) से हराया जबकि मैकेंजी मैकडोनाल्ड ने ब्रेंडन नाकाशिमा को 6-2 6-0 से शिकस्त दी।

### हम प्रत्एक मैच में अलग अलग विदेशी खिलाड़ियों को खिलाएंगे: आरसीबी कोच

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) महिला टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने स्पष्ट कहा कि शनिवार से शुरू हो रही आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दौरान बड़े खिलाड़ियों को रोटेट किया जाएगा जिसमें एलिस पैरी, मेगान शट, हीथर नाइट और डेन वान निकर्क शामिल हैं। इन चार बड़ी क्रिकेटरों के अलावा आरसीबी ने न्यूजीलैंड की महान खिलाड़ी सोफी डेविने और डब्ल्यूबीबीएल स्टार एरिन बर्न्स को भी लिया है। सॉयर ने स्वीकार किया कि उनके पास मैच में खिलाने के लिए काफी विकल्प हैं। यह पूछने पर उनकी शीर्ष चार विदेशी खिलाड़ी कौन सी होंगी तो न्यूजीलैंड महिला टीम के मौजूदा कोच सॉयर ने सीधे जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, सभी छह खिलाड़ी एक भूमिका निभाएगी। हम पहले छह दिन में चार मैच खेलेंगे। हम अलग अलग टीमों के खिलाफ अलग अलग खिलाड़ी उतारेंगे और मैं भाग्यशाली हूं कि हमारे पास कई खिलाड़ी मौजूद हैं। सॉयर ने कहा, पूरे टूर्नामेंट में हमसे वही चार खिलाड़ियों को खिलाने की उम्मीद मत रखना। हमारे पास कुछ बेहतरीन प्रतिभाओं वाली खिलाड़ी शामिल हैं।

## शॉर्ट न्यूज

### दिल्ली कैपिटल्स ने मेग लैनिंग को कप्तान और जेमिमा रोड्रिग्स को उप कप्तान बनाया



**मुंबई।** आस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता कप्तान मेग लैनिंग महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती चरण में दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई करेंगी जबकि भारत की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स उप कप्तान की जिम्मेदारी उठाएंगी। फ्रेंचाइजी ने गुरूवार को यह घोषणा की। लैनिंग (30 वर्ष) ने हाल में अपनी कप्तानी में आस्ट्रेलियाई महिला टीम को दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी टी20 महिला विश्व कप 2023 में रिकॉर्ड छठा खिताब दिलाया था जिसमें उन्होंने फाइनल में मेजबान दक्षिण अफ्रीका को हराया था। वहीं जेमिमा ने भारतीय अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी जो सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया से हारकर खत्म हुआ था। इस तरह डब्ल्यूपीएल टीमों द्वारा तीसरी आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई। यूपी वारियर्स ने एलिसा हीली को कप्तान बनाया है और बेथ मूनी गुजरात जायंट्स की अगुआई के लिए तैयार हैं। डब्ल्यूपीएल चार मार्च शनिवार से शुरू हो रहा है और लैनिंग ने गुरूवार सुबह मुंबई में पहुंचने के बाद यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद कहा, यह मेरे लिए बहुत ही गर्व का क्षण है। लैनिंग ने 132 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और इसमें 3405 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, दिल्ली कैपिटल्स जैसी फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ना और फिर उसका कप्तान नियुक्त किया जाना बड़े सम्मान की बात है और मैं इसके लिए उत्साहित हूं। लैनिंग ने कहा, टीम को एकजुट करना और मिलना जुलना तथा हर किसी को जानना वास्तव में महत्वपूर्ण है। यह अपने खेल का लुत्फ उठाना और खुद का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन निकालने के बारे में है। दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को यहां (पहले डब्ल्यूपीए के मेजबान शहर) अपना पहला ट्रेनिंग सत्र आयोजित किया था। कोच और खिलाड़ी टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले ही मुंबई पहुंच रहे हैं। टीम रविवार को अपना पहला मैच स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ ब्रैबोर्न स्टेडियम में खेलेगी। भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा भी दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा है। जोनाथन बैटी टीम की कोच हैं जबकि इंग्लैंड की मुख्य कोच लिसा केटले और पूर्व भारतीय खिलाड़ी और चयनकर्ता हेमलता काला सहायक कोच हैं।

### महिला लीग शुरू करने की योजना बना रहा है प्रो कबड्डी लीग

**नई दिल्ली।** पुरुषों के टूर्नामेंट की सफलता से उत्साहित प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजक अब देश में महिलाओं का पेशेवर फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट शुरू करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं। पीकेएल के नौ सत्र का आयोजन हो चुका है। इसके आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने कहा कि वे भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) के सहयोग से लीग को शुरू करने की योजना बना रहे हैं। क्रिकेट में महिलाओं की प्रीमियर लीग चार मार्च से मुंबई में शुरू होगी और पीकेएल इसी की राह पर चलने की योजना पर काम कर रहा है। मशाल स्पोर्ट्स के सीईओ और पीकेएल आयुक्त अनुपम गोस्वामी ने बयान में कहा, पेशेवर महिला कबड्डी लीग की हमारी योजना पुरुषों की लीग में मिली सफलता और कबड्डी को भारत के आधुनिक विश्व स्तरीय खेल के रूप में विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता पर आधारित है। उन्होंने कहा, हम महिला लीग शुरू करने के लिए एकेएफआई और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ सहित विभिन्न हितधारकों के साथ काम करेंगे। एक परीक्षण टूर्नामेंट महिला कबड्डी चैलेंज 2016 में पहले ही आयोजित किया जा चुका है जिसमें तीन टीम फायरबर्ड्स, आइसडीवास और स्टॉर्मक्वीन्स ने हिस्सा लिया था। इंचियोन 2014 में एशियाई खेलों में भारत के पिछले स्वर्ण पदक के दौरान टीम की अगुआई करने वाली पूर्व भारतीय कप्तान वी तेजस्विनी बाई ने कहा कि अगर महिला लीग आकार लेती है तो एक बड़ा सपना पूरा होगा। स्टॉर्मक्वीन की कप्तानी करने वाली तेजस्विनी ने कहा, 2014 में प्रो कबड्डी लीग के लॉन्च के बाद से, भारत में महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने अपनी खुद की एक पेशेवर कबड्डी लीग की उम्मीद की है। इस अर्जुन पुरस्कार विजेता ने कहा, अब पीकेएल का महिला टूर्नामेंट भारत में हर महिला कबड्डी खिलाड़ी और अन्य देशों की महिला कबड्डी खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा सपना सच होने जैसा होगा।

# श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी ■ क्राइस्टचर्च**

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ स्वदेश में होने वाली दो टेस्ट श्रृंखला के लिए उस टीम में कोई बदलाव नहीं किया है जिसने हाल में वेलिंगटन में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को एक रन से हराया। न्यूजीलैंड ने रोमांचक दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को एक रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला।-। से बराबर की। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने नौ मार्च से शुरू हो रही श्रृंखला के लिए टिम साउथी की अगुआई में 13 सदस्ईय टीम का चयन किया है जिसमें कोई हैरानी भरा नाम नहीं है। युवा तेज गेंदबाज जैकब डफी, लेग स्पिनर ईश सोढ़ी और चोटिल तेज गेंदबाज काइल जेमीसन को टीम में जगह नहीं मिली है। न्यूजीलैंड की टीम हाल में



इतिहास की सिर्फ चौथी टीम बनी जिसने वेलिंगटन में फॉलोआन के बावजूद जीत दर्ज की। टीम की बल्लेबाजी का दारोमदार पूर्व कप्तान केन विलियनसन के अलावा टॉम लैथम, हेनरी निकोल्स, डेवोन कॉन्वे, डेरिल मिशेल और विल यंग पर होगा जबकि विकेटकीपर की भूमिका टॉम ब्लंडेल निभाएंगे। श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई नील वैगनर करेंगे जबकि साउथी, मैट हेनरी, ब्लेयर टिकनर और स्कॉट कुगेलिन उनका साथ निभाएंगे। गत चैंपियन न्यूजीलैंड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है जबकि श्रीलंका की टीम 2-0 से टेस्ट श्रृंखला जीतकर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रख सकती है। एनजेडसी ने साथ ही घोषणा की कि वे अगस्त में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेंगे।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट टीम इस प्रकार है:**

टिम साउथी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉन्वे, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, ब्लेयर टिक्नर, नील वैगनर, स्कॉट कुगेलिन, हेनरी निकोल्स, केन विलियमसन और विल यंग।

# एसीएफ ने ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा

**एजेंसी ■ अबुधाबी**

एशियाई शतरंज महासंघ (एसीएफ) ने भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को पिछले साल महाबलीपुरम में 44वें शतरंज ओलंपियाड में रिकॉर्ड स्कोर (9।11) से स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया। पिछले साल मार्च में गुकेश 2700 ईएलओ रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले छठे भारतीय बने थे और वह 2700 से ऊपर की रेटिंग वाले देश के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर भी हैं। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने यहां एसीएफ के सालाना सम्मेलन में मोस्ट एक्टिव फेडरेशन (सबसे सक्रिय महासंघ) का पुरस्कार हासिल किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को चार महीने के कम समय के नोटिस के अंदर पिछले साल



अगस्त में फिडे शतरंज ओलंपियाड की सफल मेजबानी के उनके प्रयास के लिए मैन ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया। भारतीय महिला टीम में कोनेरू हम्पी, डी हरिका, आर वैशाली, तानिया सचदेव और भक्ति कुलकर्णी को कांस्य पदक जीतने के लिए बेस्ट वुमैन्स टीम ऑफ द ईयर से नवाजा गया जबकि ग्रैंडमास्टर आर बी रमेश पुरूषों के कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार और ग्रैंडमास्टर अभिजीत कुंते महिलाओं के कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए चुने गए।

**आईपीएल** कप्तान मानसिक रूप से काफी मजबूत है और वह जानता है कि बड़े पलों के लिए कैसे सही होना है

# आईपीएल से स्टोक्स की एशेज में वापसी को खतरा नहीं

**एजेंसी ■ वेलिंगटन**

इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बेन स्टोक्स की एशेज वापसी खतरे में नहीं पड़ेगी और उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की मेडिकल टीम पर इस प्रमुख ऑलराउंडर की देखभाल करने का भरोसा जताया। बार-बार उभरने वाली बाएं घुटने की चोट से जूझने वाले इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में केवल नौ ओवर गेंदबाजी की। वह यहां दूसरे टेस्ट में अपनी 33 रन की पारी के दौरान भी दर्द में दिखे। इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हार का सामना करना पड़ा। एसपीएनक्रिकइंफो ने मैकुलम के हवाले से कहा, मुझे नहीं लगता कि



वह (आईपीएल खेलकर) इसे खतरे में डाल रहे हैं। चेन्नई का ढांचा अपने खिलाड़ियों की देखभाल करने के मामले में उत्कृष्ट है और उनके पास एक बहुत अच्छी चिकित्सा टीम है और उनकी अच्छी देखभाल की जाएगी। उन्होंने कहा, कप्तान मानसिक रूप से काफी मजबूत है और वह जानता है कि बड़े पलों के लिए कैसे सही होना है। उसका जीवन ऐसा ही रहा है, सही है ना। इसलिए मुझे कोई चिंता नहीं है। स्टोक्स आईपीएल 2023 की नीलामी में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी थे जहां सीएसके ने उन्हें 16.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। दुनिया की सबसे लुभावनी टी20 लीग आईपीएल 31 मार्च से शुरू होने वाली है जिसका पहला मुकाबला अहमदाबाद में सीएसके और गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट का समापन 28 मई को होगा जबकि पांच टेस्ट की एशेज श्रृंखला 16 जून से एजबेस्टन में शुरू होगी। स्टोक्स की अगुआई वाला इंग्लैंड 2015 के बाद पहली बार श्रृंखला जीतना चाहेगा। इंग्लैंड की एशेज विजेता टीम के सदस्य रहे माइकल वॉन और स्टीव हार्मिसन ने हालांकि स्टोक्स से आईपीएल में नहीं खेलने का आग्रह किया है। मैकुलम हालांकि बड़ी तस्वीर देख रहे हैं। उन्होंने कहा, वास्तव में मैं उसे इसमें खेलते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं और उसे बिना कप्तानी के भी खेलते हुए देखना चाहता हूं, बिना किसी चीज की चिंता किए बगैर क्रिकेट खेलने का अवसर, यह जानते हुए कि जब वह टीम में वापस आएगा और एशेज टीम की अगुआई करेगा तो चीजें आसान नहीं होंगी।

# आर्सेनल ने बढ़त मजबूत की, मैनचेस्टर यूनाइटेड और ग्रिम्सबी एफए कप के अंतिम आठ में

**एजेंसी ■ मैनचेस्टर**

आर्सेनल ने प्रीमियर लीग खिताब की दौड़ में बुधवार को अपनी स्थिति मजबूत की तो वहीं मैनचेस्टर यूनाईटेड ने एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाते हुए सत्र की दूसरी ट्रॉफी की ओर कदम बढ़ाए। सबसे बड़ा जश्न मनाने का मौका हालांकि ग्रिम्सबी टाउन के प्रशंसकों को मिला जब चौथे डिविजन के इस क्लब ने प्रीमियर लीग क्लब साउथम्पटन को 2-। से हराकर उलटफेर करते हुए एफए कप के अंतिम आठ में जगह बनाई। टोटेनहैम को भी दूसरे टीयर की टीम शेफील्ड यूनाईटेड के खिलाफ 0-। से हार का सामना करना पड़ा। प्रीमियर लीग में आर्सेनल ने बुधवार को एवर्टन को 4-0 से हराया जिससे उसने दूसरे स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी पर पांच अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर यूनाईटेड ने एफए कप में वेस्ट हैम के खिलाफ पिछड़ने के बाद 3-। से जीत दर्ज की और अंतिम आठ में प्रवेश किया। टीम ने रविवार को लीग कप का खिताब जीता था।

दूसरी तरफ ग्रिम्सबी ने गेवेन होलोहेन के पेनल्टी पर दागे दो गोल की मदद से साउथम्पटन को हराकर 1939 के बाद पहली बार एफए कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। साउथम्पटन की ओर से एकमात्र गोल दुजे सेलेटा कार ने किया। ग्रिम्सबी टूर्नामेंट में बची सबसे कम रैंकिंग वाली टीम है।

## हॉलीवुड

# अब अदाकारी के साथ दिमाग का भी कमाल दिखाएंगी प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड की देसी गर्ल ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं और इसमें दो राय नहीं है कि अभिनेत्री की फैन फॉलोइंग पूरी दुनिया में फैली है। भारत में नाम कमाने के बाद अभिनेत्री इस समय हॉलीवुड पर राज कर रही हैं। प्रियंका के पास इस समय बहुत सारे प्रोजेक्ट्स हैं। इनमें से एक जहां बहुप्रतीक्षित ओटीटी प्रोजेक्ट सिटाडेल है, वहीं अभिनेत्री के पास एक और रोमांचक प्रोजेक्ट है और अंदाजा लगाइए क्या? प्रियंका अपने बैनर पर्पल पेबल पिक्चर्स के तहत एक वेब सीरीज का निर्माण भी करने जा रही हैं। प्रियंका चोपड़ा ने सिटाडेल के अपने फर्स्ट लुक से इंटरनेट पर धमाल मचा दिया और जहां प्रशंसक इस सीरीज के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं खबरें आ रही हैं कि अभिनेत्री ने अपनी अगली डिजिटल सीरीज साइन कर ली है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा की यह वेब सीरीज तान्या सेल्वारत्नम के संस्मरण अज्यूम नथिंग पर आधारित होगी। प्रियंका चोपड़ा से इसमें मुख्य भूमिका निभाने को लेकर बातचीत चल रही है। प्रियंका इस सीरीज में न केवल अभिनय करेंगी बल्कि अपने बैनर पर्पल पेबल पिक्चर्स के तहत इसका निर्माण भी करेंगी। अपनी बुक में सेल्वारत्नम ने न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल एरिक श्नाइडरमैन, जो महिलाओं के अधिकारों के वकील के साथ डेटिंग करते समय आई दिक्कतों के बारे में बताया गया है। इसी के कारण एरिक श्नाइडरमैन का करियर खत्म होना शुरू हुआ था। हालांकि, अभी इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है और न ही सीरीज की स्टार कास्ट को लेकर कुछ ज्यादा अपडेट मिला है। फिलहाल, प्रियंका अपनी रोमांटिक एंटरटेनर लव अगेन की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। सैम ह्यूगन और सेलीन डायोन स्टारर लव अगेन, 12 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसके साथ ही प्रियंका की एक्शन वेब सीरीज सिटाडेल भी इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। जल्द ही प्रियंका अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म जी ले जरा की शूटिंग शुरू करेंगी। फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित, इस रोड ट्रिप ड्रामा में कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।



# पलट-पलटकर दिखाया मलाइका ने अपना फिगर



अभिनेता-गायक फरहान अख्तर ने मंगलवार को घोषणा की कि उनका बैंड फरहान लाइव अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण ऑस्ट्रेलिया में अपना प्रदर्शन नहीं कर पाएगा। फरहान अपने बैंड के साथ सिडनी और मेलबर्न में प्रस्तुति देने वाले थे लेकिन अब वह नहीं जाएंगे। अब सेल्फी की रिलीज के बाद खिलाड़ी कुमार अपने अलगे प्रोजेक्ट की तैयारी करने में जुट गये हैं। अपने आगामी द एंटरटेनर्स टूर के लिए अमेरिका को रवाना कर दिया। अभिनेता अकेले नहीं है। उनके साथ मौनी रॉय, दिशा पटानी और सोनम बजवा भी हैं।

# फ्लॉप फिल्मों को लेकर सारा का खुलासा




### सारा अली खान ने कहा, एक एक्ट्रेस के रूप में, हम हर दिन बहुत कुछ सीखते हैं और हमारी यात्रा में भी यह शामिल है।

बॉलीवुड का जानी-मानी अदाकारा सारा अली खान ने साल 2018 में फिल्म निर्देशक अभिषेक कपूर की फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में धमाकेदार डेब्यू किया था। इसके बाद सारा ने एक के बाद एक हिट फिल्में की। रणवीर सिंह स्टारर फिल्म सिंबा में एक्ट्रेस ने अपनी दमदार एक्टिंग से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। इसके बाद सारा फिल्म लव आजकल-2, कुली नंबर 1 और अतरंगी रे में नजर आईं थीं। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई थी। हाल ही में, सारा ने एक कॉन्क्लेव के दौरान फ्लॉप्स देने के बारे में बात की है। 27 साल की अभिनेत्री सारा अली खान ने कहा, एक एक्ट्रेस के रूप में, हम हर दिन बहुत कुछ सीखते हैं और हमारी यात्रा में भी यही शामिल है। मैं हमेशा कुछ न कुछ सीखने की कोशिश करता हूं, लेकिन मुझे यह भी लगता है कि मैंने कुछ गलतियां की हैं। मैंने ऐसी फिल्में की हैं, जिन्हें दर्शकों ने पसंद नहीं किया है, लेकिन फिर भी यह मेरी गलती करने की उम्र है। साथ ही सारा अली खान ने कहा, मुझे लगता है कि हर बार उठने के लिए नीचे गिरना महत्वपूर्ण है और मेरे अपने ही सेटबैक्स थे। इसके अलावा मैंने सीखा है कि गलतियां करना मेरी जर्नी का हिस्सा है। सारा अली खान का नाम इंडियन क्रिकेटर शुभमन गिल के साथ जुड़ता रहा है, जिसे लेकर उनके फैंस ने काफी चर्चा की है। दोनों ही सेलेब्रिटीज कई बार एक साथ स्पॉट किए गए हैं। हालांकि, दोनों ने ही अपने अफेयर को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो सारा आखिरी बार आनंद एल राय की अतरंगी रे में नजर आई थीं, जिसे डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज किया गया था। इस फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। उनके पास गैसलाइट, ए वतन मेरे वतन और मेट्रो इन दिनों सहित कई प्रोजेक्ट्स हैं। कुछ सप्ताह पहले सारा ने फिल्मकार होमी अदजानिया की फिल्म 'मर्डर मुबारक' के लिए तैयारी शुरू कर दी थी।

# रजनीकांत की 170वीं फिल्म का एलान



> रजनीकांत की नई फिल्म का एलान दरअसल, सुभास्करन के जन्मदिन के खास मौके पर किया गया है।


रजनीकांत के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। एक्टर की 170वीं फिल्म का एलान हो गया है। लाइका प्रोडक्शंस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए इस बात का एलान किया है। फिल्म का निर्देशन जय भीम फेम निर्देशक टीजे ज्ञानवेल करेंगे। बता दें कि रजनीकांत फिलहाल अपनी आगामी फिल्म जेलर में व्यस्त है। यह उनकी 169वीं फिल्म है। रजनीकांत की नई फिल्म का एलान दरअसल, लाइका प्रोडक्शंस के चेयरमैन सुभास्करन के जन्मदिन के खास मौके पर किया गया है। इस फिल्म के म्यूजिक की जिम्मेदारी अनिरुद्ध रविचंदर के कंधों पर होगी। फिलहाल इस फिल्म के शीर्षक को लेकर कोई जानकारी नहीं है। कहा जा रहा है कि 2024 तक फिल्म दस्तक देगी।

लाइका प्रोडक्शंस के ट्विटर अकाउंट से साझा किए गए पोस्ट में लिखा है, हम सुपरस्टार रजनीकांत के साथ अपनी अगली फिल्म का एलान करते हुए बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं। हमें यकीन है कि इस फिल्म को फैंस का भरपूर प्यार मिलेगा। सुपरस्टार की अलगी फिल्म की घोषणा के बाद से फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। रजनीकांत की जेलर की बात करें तो नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म इस साल रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म की आधिकांश शूटिंग जेल के अंदर हुई है। कन्नड़ सुपरस्टार शिवा राजकुमार भी इस फिल्म के जरिए तमिल डेब्यू कर रहे हैं। वहीं, मोहनलाल इसमें कैमियो करते नजर आएंगे। इसके अलावा योगी बाबू, त्रिशा कृष्णन, तमन्ना भाटिया, जैकी श्रॉफ और सुनील भी अहम रोल में नजर आएंगे।

## रिलीज

# कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 का हुआ ऐलान

अभिनेता कार्तिक आर्यन ने भूल भुलैया 3 की घोषणा की। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए कार्तिक ने खुलासा किया कि वह दूसरी बार रुह बाबा की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि फिल्म ने दिवाली 2024 रिलीज की तारीख तय कर दी है। वीडियो में आप एक बार फिर से रूह बाबा को हवेली के अंदर देखेंगे। बाबा रूह को रॉकिंग चेयर पर प्रेतों से बात करते हुए देखा जा सकता है। आपको बता दें कि साल 2022 में बॉलीवुड की कश्मीर फाइल के बाद भूल भुलैया 2 एकलौती ऐसी फिल्म थी जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट हुई थी। कार्तिक आर्यन ने अब अपनी फिल्म भूल भुलैया 3 की घोषणा की है। रिलीज किए गये वीडियो में आप देख सकते हैं कि रुह बाबा कहते हैं कि मैं केवल आत्माओं से बात ही नहीं करता बल्कि आत्माएं मेरे अंदर आ भी जाती हैं। वह आगे कहते है आपको क्या लगा? कहानी खत्म हो गई? दरवाजे फिर से खुलने के लिए बंद होते हैं, फिर गाना बजता है अमी जे तोमर। टीज़र का अंत उनकी



भयानक हंसी और भूल भुलैया के प्रतिष्ठित साउंडट्रैक के साथ होता है। शहजादा के बॉक्स ऑफिस पर अपना जादू चलाने में विफल रहने के तुरंत बाद कार्तिक ने भूल भुलैया 3 की घोषणा की। टी-सीरीज़ द्वारा निर्मित भूल भुलैया 3 अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित है और इसमें कार्तिक आर्यन हैं। यह पारिवारिक मनोरंजन भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित है और दिवाली 2024 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जनवरी 2023 में भूषण कुमार ने पिंकविला के साथ एक साक्षात्कार में भूल भुलैया 3 की खबर की पुष्टि की। उन्होंने कहा हम निश्चित रूप से कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैया 3 बना रहे हैं। निर्माता ने वादा किया कि निर्माता भूल भुलैया 3 को बड़ा और अनोखा बनाने की योजना बना रहे हैं। यह भी पता चला है कि फिल्म 2024 की दूसरी छमाही में शुरू होगी और 2025 में रिलीज होने की संभावना है भूल भुलैया 2 के रिलीज़ होने के एक साल से भी कम समय के बाद भूल भुलैया 3 की घोषणा की गई है। फ्रेंचाइजी में कार्तिक की पहली फिल्म, अक्षय कुमार की जगह, भूल भुलैया 2 एक बड़ी हिट थी।


> इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए कार्तिक ने खुलासा किया कि वह दूसरी बार रुह बाबा की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि फिल्म ने दिवाली 2024 रिलीज की तारीख तय कर दी है।

## रिलीज

# राजकुमार-भूमि साथ करेंगे काम




फिल्म बधाई दो में राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की जोड़ी दमदार साबित हुई।प्रतिभाशाली अभिनेताओं ने पहली बार फिल्म में एक साथ काम किया और यह दर्शकों के लिए एक ट्रीट थी। अब, वे फिर से स्क्रीन साझा करने के लिए तैयार हैं और उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर कुछ प्रमुख संकेत दिए हैं। राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की पिक्चर-परफेक्ट इंस्टाग्राम फीड ने एक मोनोक्रोमैटिक मोड़ ले लिया है। हर किसी के आश्चर्य के लिए, उनके संबंधित फ़ीड्स हमें काले और सफेद युग में वापस भेज रहे हैं। हालांकि, उनके कैप्शन एक नए प्रोजेक्ट की ओर इशारा कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर एक्टर राजकुमार राव पोस्ट शेयर की है। कैप्शन के साथ एक ब्लैक एंड वाइट तस्वीर साझा की, विभाजन की अनकही कहानी को उजागर करती तस्वीर। भूमि ने भी कुछ ऐसा ही पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, एक विभाजन की कहानी जिसने कई लोगों को अपने ही देश में अजनबी बना दिया। इंस्टाग्राम की तस्वीरों से ऐसा लगता है कि आने वाली फिल्म की कहानी विभाजन के समय की हैं और ऐसा लग रहा है कि वे किसी नए प्रोजेक्ट की ओर इशारा कर रही हैं। इन ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरों ने इंटरनेट पर तूफान ला दिया है और हर कोई यह जानने के लिए उत्सुक है कि यह किस बारे में है।



# शाहिद कपूर की फर्जी और मनोज बाजपेयी की द फैमिली मैन के बीच क्रॉसओवर?

शाहिद कपूर वर्तमान में अपने पहले ओटीटी शो फर्जी की सफलता का आनंद ले रहे हैं, जिसमें वह एक ऐसे कलाकार की भूमिका निभाते हैं, जो नकली नोट छापने का फैसला करता है, जिससे वह अपराध की दुनिया में फंस जाता है। एक मनोरंजन पोर्टल के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, हैदर अभिनेता ने शो के दूसरे सीज़न फ़र्ज़ी के बारे में बात की और मिलियन-डॉलर के सवाल को भी संबोधित किया कि क्या द फैमिली मैन और फर्जी के बीच क्रॉस-ओवर होगा? फ़र्ज़ी रिलीज़ होने के बाद से ही फैंस कयास लगा रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर का कहना है कि वह अपनी पहली वेब सीरीज़ फर्ज़ी' की कामयाबी से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि मेरे द्वारा निभाया गया किरदार सभी लोगों को पसंद आया। दरअसल, कपूर ने वेबसीरीज़ में सनी का किरदार निभाया है जो प्रतिभाशाली पेंटर होता है लेकिन वह जाली नोट छापने लगता है। अभिनेता ने कहा कि जब आप ऐसे शख्स का किरदार निभाते हैं जिसे समाज में नापसंद किया जाता है या ऐसा व्यक्ति जिसके साथ आप दोस्ती नहीं करना चाहेंगे तो यह हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। कपूर ने साक्षात्कार में कहा कि इसलिए आपके लिए यह अहम है कि आप उसे (किरदार को) उनसे (दर्शकों से) पसंद कराएं। 25 फरवरी को अपना 42वां जन्मदिन मनाने वाले कपूर ने कहा कि प्राइम वीडियो पर प्रसारित हुई आठ कड़ियों वाली 'फर्ज़ी' सीरीज़ की कामयाबी ने उन्हें 'गहरा संतोष प्रदान किया' है। इस सीरीज़ का निर्देशन 'द फैमली मैन' के निर्माता राज निदिमोरु और कृष्ण डीके ने किया है। फर्ज़ी' में विजय सेतुपति, के के मेनन, राशि खन्ना, अमोल पालेकर और भुवन अरोड़ा ने भी अभिनय किया है। कपूर ने कहा कि उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करने की थी कि लोग सनी के लिए सहानुभूति महसूस करें। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात से हैरत हुई कि सीरीज़ को सभी क्षेत्रों के लोगों ने पंसद किया। अभिनेता ने कहा, सीरीज़ के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसे मेरे चालक से लेकर मेरे एनआरआई (अप्रवासी) रिश्तेदारों तक ने खुद को कनेक्ट महसूस किया। कपूर के मुताबिक, हर सामग्री का अपना मूल दर्शक होता है और फिल्म या सीरीज़ की गुणवत्ता की वजह से कभी कभी दर्शकों की संख्या थोड़ी बढ़ जाती है।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।